हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 158, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 30 नवम्बर, 2022 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सुरक्षाबलों ने सभी चुनौतियों का दिया मुंहतोड़ जवाब : रक्षामंत्री

### आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे कॉन्क्लेव में बोले राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे CSR कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने देश की सेनाओं के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को नमन किया। राजनाथ ने कहा कि, 'आज हमारा देश जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमें देश की सेना का मुख्य योगदान है। आज यह कार्यक्रम उन वीरों को समर्पित है जिनके त्याग और बलिदान की वजह से हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है'। राजनाथ ने आगे कहा कि 'हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने बड़ी मुस्तैदी के साथ सभी चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है और इस दौरान हमारे बहुत सारे वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है इसलिए हमारा पूरा दायित्व बनता है कि हम उनके परिजनों की पूरी मदद करें।'



**सशस्त्र बलों ने चुनौतियों का दिया मुंहतोड़ जवाब दिया- राजनाथ सिंह-** आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत को सुरक्षित रखने में देश के जवानों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया उनका वर्णन करना मुश्किल है। चाहे वह भारत की अखंडता हो, संप्रभुता हो, सभी युद्धों को जीतने के बारे में हो या सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों का सामना करना हो, सशस्त्र बलों ने चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

राजनाथ ने कहा कि देश के कई बहादुरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई सैनिक शारीरिक रूप से अक्षम हो गए। उनमें से कई अपने परिवार में कमाने वाले अकेले होते हैं। परिवार के मुखिया की मृत्यु या उनकी शारीरिक अक्षमता के मामले में परिवारों की स्थिति की कल्पना करना बहुत मुश्किल है।

**राजनाथ सिंह जारी करेंगे एंथम सॉन्ग-** राजनाथ सिंह द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए एक नई वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। नई वेबसाइट एएफएफडीएफ में ऑनलाइन योगदान को बढ़ावा देने के लिए विकसित एक इंटरैक्टिव और उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल है। मंत्री सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए इस साल के प्रचार अभियान के लिए एंथम सॉन्ग भी जारी करेंगे। साथ ही कोष में प्रमुख सीएसआर योगदानकर्ताओं को सम्मानित करेंगे।

### अखिलेश ने ट्वीट कर सीएम योगी को महंत अवैद्यनाथ के वंश का बताया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके अध्यात्मिक गुरु महंत अवैद्यनाथ से जोड़कर अभद्र टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया फरार है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ को महंत अवैद्यनाथ का वंशज बताया है। समाजवादी पार्टी पर भारतीय जनता पार्टी के लगातार वंशवाद का आरोप लगाने के क्रम में अब अखिलेश यादव ने मोर्चा संभाला है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और उनके पुत्र-पुत्रियों को जोड़कर भारतीय जनता पार्टी पर वंशवाद का बड़ा आरोप लगाया है। आज अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर हैंडल से एक फोटो ट्वीट कर भारतीय जनता पार्टी पर वंश वाद का आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने अपने इस ट्वीट में बीएस येदियुरप्पा और बेटे बीवाई राघवेंद्र के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेट पंकज सिंह की फोटो भी लगाई है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और बेटे दुष्यंत सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और उनके बेटे जयंत सिन्हा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया व उनकी बेटी वसुंधरा राजे सिंधिया की फोटो लगाया है।

### जयमाल के स्टेज पर दूल्हे की हरकत से नाराज होकर दुल्हन बोली, मैं न करूंगी इससे शादी

संभल। दूल्हे की एक हरकत ने उसकी शादी में खलल डाल दी। सात फेरे तो नहीं हुए लेकिन, पुलिस थाने के चक्कर जरूर लग गए। मामला उत्तर प्रदेश के संभल जिले के पंवासा का है। बदायूं जिले के दूल्हे ने जयमाल के बाद ही दुल्हन के साथ अश्लील हरकत कर दी। इससे नाराज होकर दुल्हन स्टेज से उतर गई और बोली, मैं इससे शादी नहीं करूंगी। इसके बाद दोनों पक्ष में विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्ष के लोगों को थाने ले गई। वहीं दोनों पक्ष में समझौते का प्रयास चल रहा है। लड़के वालों ने लड़की पक्ष पर घर में बंद कर 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के कस्बा पवांसा निवासी ने अपनी बेटी की शादी जनपद बदायूं के थाना बिल्सी निवासी युवक के साथ तय की थी। सोमवार की शाम को बरात पवांसा आयी थी। कार्यक्रम के दौरान बराती और रिश्तेदारों ने खाना खाने के बाद बैंडबाजे के साथ धूमधाम से बरात चढ़त शुरू कर दी। युवती पक्ष की ओर से बताया गया कि बरात चढ़त के बाद देर रात को करीब 12 बजे जयमाल का कार्यक्रम हुआ, जिसमें पंडाल में स्टेज पर दुल्हन दूल्हे के गले में जयमाला डालने को हुई तभी दूल्हे के दोस्तों ने दूल्हे को गोद में उठा लिया, जिस कारण दुल्हन जयमाल नहीं डाल पायी।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उलेमाओं को जोड़ेंगे डोभाल, इस्लाम को बताया शांति का मजहब

नई दिल्ली। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया को डी-रेडिकलाइजेशन पर आम आख्यान विकसित करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। वो भारत और इंडोनेशिया में आपसी शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका पर बोल रहे थे। एनएसए ने कहा कि लोकतंत्र में अभद्र भाषा, पूर्वाग्रह, प्रचार, राक्षसीकरण, हिंसा, संघर्ष और धर्म के दुरूपयोग के लिए कोई जगह नहीं है। अजीत डोभाल ने इस्लाम को लेकर कहा है कि इस्लाम शांति का मजहब है जो कहता है कि एक इंसान का कत्ल सारी इंसानियत के कत्ल के बराबर है। उन्होंने कहा कि इसमें उलेमाओं की अहम भूमिका होती है। इस्लाम के मूल सहिष्णु और उदारवादी सिद्धांतों पर लोगों को शिक्षित करने और प्रगतिशील विचारों और विचारों के साथ कट्टरता और उग्रवाद का मुकाबला करने में उनकी अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा, "हमारे युवाओं को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। वे अक्सर कट्टरता का प्राथमिक लक्ष्य होते हैं, लेकिन अगर उनकी ऊर्जा को सही दिशा में पोषित किया जाता है, तो वे परिवर्तन के अग्रदूत और किसी भी समाज में



प्रगति के ब्लॉक के रूप में उभर सकते हैं। एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि इंडोनेशिया में हाल ही में आए भूकंप से जान-माल के नुकसान से हम सभी को दुख हुआ है। पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। दुख की इस घड़ी में भारत इंडोनेशिया के साथ खड़ा है। बता दें कि एनएसए डोभाल दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में उलेमा 'इस्लामः निरंतरता और परिवर्तन', 'सामंजस्यपूर्ण अंतर-विश्वास समाज' और 'भारत और इंडोनेशिया में कट्टरता और उग्रवाद का मुकाबला' विषयों पर तीन बंद सत्रों में भाग लेंगे।

### सरकारी कार्यक्रम में भड़कीं ममता, बीच में ही रोका भाषण, अधिकारियों को लगाई फटकार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान अपना आपा खो बैठीं और संबोधन बीच में ही रोक दिया। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में गर्म कपड़े बांटने वाली थीं, लेकिन सामग्री वहां नहीं पहुंची थी। गुस्साई ममता बनर्जी को तब सार्वजनिक रूप से जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) की खिंचाई करते देखा गया। यह कार्यक्रम उत्तर 24 परगना जिले में आयोजित किया गया था, जहां तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां और बंगाल के मुख्य सचिव डॉ. हरि कृष्ण द्विवेदी भी मौजूद थे। मंच पर बैठी नाराज दिख रहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं मंच पर गर्म कपड़े आने तक इंतजार करूंगी। वे बीडीओ (खंड विकास अधिकारी) के कार्यालय में क्यों पड़े हैं? बता दें कि कार्यक्रम में करीब 15 हजार गर्म कपड़े बांटे जाने थे। मुख्यमंत्री ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर तलब किया।

## पीएम मोदी पर खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी भाजपा ने कहा- यह हर एक गुजराती का अपमान

नई दिल्ली। गुजरात विधानसभा चुनाव अब अपने अहम मोड़ पर आ गया है। नेताओं की तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। इस पर भाजपा की प्रतिक्रिया सामने आई है। मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। गुजरात के बेटे (नरेन्द्र मोदी) के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी निंदनीय है और यह कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ती है। यह सिर्फ पीएम मोदी का अपमान नहीं है। यह हर एक गुजराती का अपमान है। भाजपा नेता पात्रा ने कहा कि इस प्रकार की गाली-गलौज देश के प्रधानमंत्री के लिए करना उचित नहीं है। यह कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ता है। साथ ही उन्होंने पूर्व में कांग्रेस



नेताओं द्वारा पीएम मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई। बता दें कि गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम जाएगा। सभी दलों ने अपनी ताकत झोंककर जीत के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार किया है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर वोट मांगने पर तंज कंसा है। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस एक व्यक्ति का विरोध करते करते संवैधानिक पदों का विरोध करने पर उतर आई है। खरगे का पीएम मोदी के बारे में वक्तव्य संयोग नहीं वोट बैंक प्रयोग और उद्योग है। साथ ही कहा कि कांग्रेस अभिजात वर्ग और वंशवाद की पार्टी है। यह राज शाही मानसिकता से ग्रसित है। कांग्रेस एक ऐसे पीएम को स्वीकार नहीं कर सकती है, जो एक विनम्र परिवार से आता है। यह एक चायवाला था... जो गरीब समाज से आता है।

### ज्ञानवापी : अखिलेश, ओवैसी पर मुकदमा दर्ज करने संबंधी याचिका पर कोर्ट की अगली तारीख, अब सुनवाई 6 दिसंबर को

वाराणसी। ज्ञानवापी के वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर दाखिल वाद में मंगलवार को एसीजेएम पंचम/एमपी-एमएलए कोर्ट उज्ज्वल उपाध्याय की कोर्ट ने चौक थाने से आख्या तलब की है और सुनवाई की अगली तारीख 6 दिसंबर को तय की गई है। इस मामले में अदालत ने 156-3 के तहत दाखिल वाद को सुनवाई योग्य पोषणीय पाया था और मुकदमा दर्ज करने के मुद्दे पर सुनवाई की तारीख 29 नवंबर यानि आज के लिए नियत कर दी थी। गौरतलब है कि वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में अधिवक्ता आरपी शुक्ल,अजय प्रताप सिंह, घनश्याम मिश्र के जरिये कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि ज्ञानवापी परिसर में नमाजियों की ओर से वजूखाने में हाथ-पैर धोए जाते हैं और गंदगी फैलाई जाती है। जबकि वह स्थान हमारे अराध्य भगवान शिव का स्थान है। यह हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है। इसके साथ ही सर्वे में मिले शिवलिंग को लेकर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने ज्ञानवापी प्रकरण पर बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। अधिवक्ता ने इस मामले में ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन और बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराए जाने की मांग की है। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व अजीत सिंह की तरफ से ज्ञानवापी मामले में दाखिल वाद में विपक्षी पक्षकारों को आपत्ति दाखिल करने के लिये अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई की अगली तारीख दो दिसम्बर नियत कर दी।

## श्रद्धा हत्याकांड को लेकर दिल्ली में महापंचायत में हंगामा, महिला ने शख्स पर की चप्पलों की बौछार

नई दिल्ली। दिल्ली के छतरपुर में श्रद्धा वालकर की हत्या को लेकर बुलाई गई महापंचायत में एक महिला ने भरी सभा में मंच पर एक शख्स की चप्पल से जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम का आयोजन हिंदू एकता मंच की ओर से किया गया था। 'बेटी बचाओ महापंचायत' के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के मंच पर एक महिला अपनी परेशानी बताने के लिए मंच पर चढ़ी थी। फिर कुछ देर बाद ही पास में खड़े शख्स पर चप्पलों की बरसात कर दी।

पुलिस का कहना है कि महिला और शख्स के बीच व्यक्तिगत झगड़े का मामला है। बेटी बचाओ कार्यक्रम इनका कोई वास्ता नहीं है। वहीं, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला ने दुप्पटे से अपने चेहरा ढका हुआ है। भाषण देने के बाद महिला ने अपने पैरों से चप्पल उतारी और पास



खड़े शख्स की पिटाई कर दी। महिला जैसे ही शख्स पर चप्पल से हमला करती है, कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग दंग रह जाते हैं। अफरा-तफरी के बीच कुछ लोग शख्स को बचाने आते हैं, लेकिन महिला नहीं रुकती है। महिला एक के बाद एक, कई बार चप्पल से शख्स की पिटाई करती है। बता दें कि मुंबई की श्रद्धा वालकर हत्याकांड को लेकर देशभर के लोगों में आक्रोश है। सोमवार को आरोपित आफताब पूनावाला को पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद रोहिणी के फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी से ले जाने के दौरान कुछ हथियारबंद लोगों ने उसपर तलवारों से हमला कर दिया था। दिल्ली पुलिस ने हमलावरों की पहचान हिंदू सेना के कार्यकताओं के तौर पर की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही उनकी तलवार भी जब्त कर ली गई है।

### डिंपल यादव के लिए प्रचार करेंगे पूर्व सांसद धनंजय सिंह, पूर्वांचल के भी समीकरण बदलेंगे

लखनऊ। पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डिंपल यादव के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। इस संबंध में जनता दल यूनाइटेड ने समर्थन पत्र जारी कर दिया है। पूर्व सांसद धनंजय सिंह के साथ केसी त्यागी भी मैनपुरी पहुंच गए हैं। मैनपुरी में धनंजय सिंह की उपस्थिति के साथ ही पूर्वांचल का सियासी समीकरण भी बदल सकता है।

जनता दल यूनाइटेड ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर सरकार बनाई है। बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन का असर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में भी दिखाई पड़ेगा। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने जारी पत्र में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद धनंजय सिंह मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा करेंगे। माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी उन्हें ठाकुर बहुल इलाके में उतारेगी। ऐसी स्थिति में पूर्वांचल का सियासी समीकरण भी बदल सकता है। मालूम हो कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव माफिया धनंजय सिंह पर लखनऊ पुलिस ने जनवरी 2021 में आजमगढ़ के ठेकेदार अजीत सिंह की हत्या की साजिश करने पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित किया है।

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जिस तरह से धनंजय सिंह की उपस्थिति हुई है उससे पूर्वांचल का सियासी समीकरण बदलना तय है क्योंकि अभी तक धनंजय सिंह यादव पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के धुर विरोधी रहे हैं। वह बसपा से सांसद चुने जाने के बाद समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के निशाने पर रहे। धनंजय सिंह ने जौनपुर से मल्हनी से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन पराजय मिली।

## गिरिराज सिंह ने ओवैसी को बताया जिन्ना, कहा- बिहार में लागू करेंगे जनसंख्या नियंत्रण कानून, नीतीश पर भी तंज

पटना। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार से पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी सियासी वार किया है। गिरिराज ने ओवैसी की तुलना जिन्ना से की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तंज कसा है। गिरिराज सिंह ने बिहार के बक्सर में पत्रकारों के सवाल के जवाब में असदुद्दीन ओवैसी की तुलना जिन्ना से की। उन्होंने कहा कि ओवैसी समाज में विषमता पैदा करना चाहते हैं। देश के अंदर हिन्दू-मुसलमान के नाम पर वोट मांगते हैं। अगर वो ऐसा करेंगे तो हमारे तरफ से भी प्रतिक्रिया मिलेगी। गिरिराज ने कहा कि जिन्ना ने देश का बंटवारा किया। अगर हमारे पूर्वजों ने भूल ना की हो तो अवैसी जैसा दूसरा जिन्ना देश में दोबारा पैदा नहीं होता। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बक्सर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जनसंख्या नियंत्रण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चीन ने बढ़ती जनसंख्या को काबू कर लिया गया है। हमारे देश के विकास के लिए भी जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी



है। कानून को नहीं मानने वाले लोगों को सरकारी मदद से दूर रखा जाए इसके साथ ही उनकी वोटिंग राइट को भी खत्म कर दिया जाए। गिरिराज सिंह ने कहा कि आने वाले वक्त में बहुसंख्यकों की आबादी घटेगी, जिससे सामाजिक समरसता पर असर पड़ेगा। हर नागरिक की पहचान होनी चाहिए। इसलिए एनआरसी, कामन सीविल कोड देश के लिए बहुत जरुरू है। गिरिराज सिंह से जब पत्रकारों ने पूछा कि वोटिंग राइट खत्म करने वाले बयान पर जेडीयू नेता उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि केंद्र में बीजेपी की सरकार है, वो करके तो दिखाएं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में जिस दिन भाजपा की सरकार बनेगी जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गंगाजल आपूर्ति योजना के लोकार्पण पर भी गिरिराज सिंह ने तंज किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले गांव-गांव और घर-घर शराब पहुंचाई। अब गंगाजल पहुंचकर प्रायश्चित कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है। गिरिराज सिंह कहा कि सीएम आजकल छोटे-बड़े सबको सम्मान दे रहे हैं। सबको प्रणाम कर रहे हैं। हर घर नल की की बिहार में क्या स्थिति है अगर इसका थर्ड सर्वे करा दिया जाए तो सारा राज खुल जाएगा।

### यूपी में 75 घंटे का चलेगा स्वच्छता अभियानः खत्म होंगे कूड़े के ढेर, बनेंगे सेल्फी पॉइंट, एक दिसंबर से शुरूआत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उनकी टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'प्रतिबद्धः 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है। इस अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों को पत्र के जरिए समयसीमा के अंदर अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इन स्थानों पर सफाई के बाद सौंदर्यीकरण भी होगा और कई स्थानों को सेल्फी पॉइंट के तौर पर विकसित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन, उत्तर प्रदेश की निदेशक नेहा शर्मा द्वारा सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी किया गया है। पत्र में अभियान से जुड़े सभी दिशा निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतिम माह के उपलक्ष्य में 'प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर 2022 से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थान (गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स) को पूर्णतया (स्थायी रूप से) विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित कराया जाना है। अभियान की शुरूआत योजनाबद्ध प्रचार-प्रसार के साथ की जानी है। इसके लिए नगरीय निकाय स्तर पर गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हित कर आवश्यक संसाधन व कार्य सुनिश्चित करना होगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि अभियान का समापन समारोह जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हो।

## संपादकीय

# जोश में होश नहीं खो रहे है राहुल गांधी

भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा को भारी जनसमर्थन जगह जगह पर मिल रहा है। राहुल गांधी पुरे आत्मविश्वास के साथ भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी राजनैतिक एवं संगठन की चिंता से मुक्त नजर आ रहे हैं। गुजरात विधानसभा के चुनाव और राजस्थान का गहलोत सचिन पायलट के विवाद का कोई असर उनके चेहरे पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मध्यप्रदेश में आकर बाहर जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मिले। प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा मध्य प्रदेश की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों विधायक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कुल मिलाकर राहुल गांधी को लेकर कांग्रेसजनों में एक नया आत्मविश्वास जागा है। सब आकर अपनी अपनी बात कर रहे हैं। राहुल गांधी से चर्चा करने के बाद जो नेता मिलकर जा रहे हैं। उसके बाद उनके बीच क्या चचाएं हुई वह बाहर नहीं आती हैं। सचिन पायलट और अशोक गहलोत का मुद्दा भी अब शांत पड़ गया। राहुल गांधी भी पूरी परिपक्वता के साथ सबको साथ लेकर चल रहे हैं। पिछले अनुभवों से उन्होंने शायद अच्छी सीख ली है। जोश में होश नहीं खोना है। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की नई छवि बन रही है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता भी राहुल गांधी की राय को बड़ी गंभीरता से ले रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा की बड़ी सफलता कांग्रेस संगठन के लिए है। जहां बुजुर्ग एवं युवा नेता समन्वय के साथ जोश में है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जिस तरह से आदिवासियों दलितों एवं अन्य वर्गों के साथ अपना संपर्क स्थापित किया। सहजता और सरलता के साथ सबसे मिले। प्रदेश भर से लोग भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे हैं। वहीं रास्ते में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जगह जगह में उनका स्वागत कर रही है। स्थानीय लोगों की भीड़ भारत जोड़ो यात्रा में साथ चल रही है। उससे मध्यप्रदेश में बड़ा उत्साह देखने को मिला है। राहुल ने जिस तरह से उन्होंने आपसी भाई चारा और प्रेम को भय मुक्त होने का संदेश दिया। भीमराव अंबेडकर की जन्म स्थली में पहुंचकर महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर के संदेश धर्म पंथ और जाति से अलग रहने की बात कही। राहुल भाषण प्रभावशाली रहा। आदिवासी और दलितों के बीच एक नया विश्वास बनाने की उनकी कोशिश दिखी। जिसकी बहुत अच्छा प्रभाव आम जनता के बीच देखने को मिल रहा है। जैसे की आशंका थी कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस तोड़ो अभियान चलाकर एक बड़ा झटका भारत जोड़ों यात्रा को देगी। यात्रा इंदौर तक पहुंच गई है। कांग्रेस मीडिया सेल के नरेंद्र सलूजा जरूर भाजपा में चले गए हैं। सिख्स्त होने और कमलनाथ के काफी नजदीकी होने के कारण भाजपा ने उन्हें आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपनी पार्टी में ले लिया है। इसके अलावा भारत जोड़ो यात्रा मैं एक वायरल वीडियो जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे। यह वीडियो काट छांट कर के बनाया गया था। इस वीडियो को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता एक दूसरे के ऊपर एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। क्योंकि यह एक षड्यंत्र था इसके कारण प्रारंभिक नुकसान भाजपा को ही हुआ है।

## जनता रही निहार!



सोच समझ कर बोलना ।
बिगड़ रही क्यों बोल ।।
करने से अब ऐसा ।
खुल रही है पोल ।।
स्वच्छ रहे विचार ।
जनता रही निहार ।।
कर्मठता से केवल ।
रहता ठीक प्रहार ।।
संयम से ही केवल ।
होगा लेना काम ।।
बेमतलब की बातों से ।
क्यों होते बदनाम ?
है पड़ता पछताना ।
मिलता भी है फल ।।
उत्तेजना में आकर ।
नहीं मिलता हल ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# हैवानियत की सारी हदें पार करता इंसान



क्रूरता की जब कभी बात होती है तो लोग जानवरों जैसे व्यवहार की मिसाल देते हैं। परन्तु इंसान जैसे बुद्धिमान समझे जाने वाली प्राणी के हवाले से कुछ ऐसी घटनायें सामने आने लगी हैं गोया अब इंसानों की क्रूरतम कारगुजारी के लिये पशुओं जैसी क्रूरता या हैवानियत की बात करने जैसी उपमायें भी छोटी मालूम होने लगी हैं। क्योंकि किसी पशु या उसके द्वारा की जा रही हैवानियत की मिसाल देना इसलिये भी बेमानी है क्योंकि किसी पशु द्वारा अपने स्वभावानुसार पशुता दिखाना या किसी जानवर द्वारा अपना पाशविक स्वभाव या पशुवृत्ति दशार्ना उसकी मनोवृति में शामिल है। वे किसी नियम कानून के अधीन नहीं आते बल्कि उनका सम्पूर्ण आचरण वैसा ही होता है जैसा प्रकृति ने उन्हें बख़्शा है। परन्तु इंसान को तो प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है। अपनी बुद्धि के सदुपयोग से यही अशरफ-उल-मखलूकात आज चाँद और मंगल के रास्ते नाप रहा है। इस संसार में समाज के गरीब व पिछड़े लोगों की सहायता के लिये अनेक बड़े से बड़े संगठन बनाकर मानव ने अपने कोमल हृदयी होने का सुबूत दिया है। पूरा विश्व समाज किसी न किसी रूप में एक दूसरे पर निर्भर है। गोया इसी मानवीय सदबुद्धिविश्वास और सहयोग की बदौलत ही दुनिया आगे बढ़ रही है।

परन्तु इसी मानव समाज में ऐसी क्रूरतम प्रवृति के लोग भी पाये जाने लगे हैं जिनके आगे पशुओं की पशुता और राक्षसों का राक्षसीपन भी फीका पड़ जाये। मनुष्य द्वारा मनुष्य की ही हत्या किये जाने की घटनायें तो प्राचीन काल से होती आ रही हैं। सत्य-असत्य की लड़ाई के नाम परयुद्ध और धर्म युद्ध के नाम परआन-बान-शान के लियेजर-जोरू और जमीन की खातिरऊंच-नीचधर्म -जाति आदि को लेकर मानव समाज एक दूसरे के खून का हमेशा से ही प्यासा रहा है। परन्तु आज के दौर में जबकि तथाकथित धर्म का बोलबाला है प्रवचन कताओं की पूरी फौज दिन रात समाज को ज्ञान और नैतिकता का पाठ पढ़ाती रहती है। धार्मिक समागमों में भीड़ पहले से कई गुना बढ़ती जा रही है। देश में एक से बढ़कर एक लोकप्रिय प्रेरक लोगों को जीने की कला और सफल जीवन जीने के गुण सिखाते रहते हैं। दूसरी और इंसान है कि अपने आचरणकृत्यों व सोच विचारों के लिहाज से बद से भी बदतर होता जा रहा है। बलात्कारमासूम बच्चियों से बलात्कारसामूहिक बलात्कारऔर इन सब के साथ ऐसी वहशियाना हरकतें करना कि पीड़िता तड़प तड़प कर जान दे दे? ऐसे कुकृत्य और जुल्म तो जानवरों को भी करते नहीं देखा गया? इंसानों को जिंदा जला देनाकिसी व्यक्ति को वाहन में बाँध कर उसे सड़कों पर घसीट कर मार डालना इतनी बेरहमी आखिर कोई इंसान कैसे कर सकता है?

और अब तो इन्सान इंसान को मारकर उसकी लाशों के टुकड़े करने में भी पीछे नहीं रहा। राजधानी दिल्ली में एक व्यक्ति ने लिव-इन रिलेशन शिप में रह रही अपनी एक महिला मित्र की न केवल हत्या करदी बल्कि उसके शरीर को 35 टुकड़ों में काट कर उन अंगों को 18 दिनों तक हत्यारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में नालों व तालाबों में फेंकता रहा। दिल्ली का ही तंदूर काण्ड तो देश कभी भूल ही नहीं सकता जबकि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मार कर उसकी लाश के टुकड़े कर उन्हें तंदूर में जला दिया था। कोई बाप ने अपनी ही जवान बेटी की गोली मार कर हत्या कर उसकी लाश बड़ी बेरहमी से एक सूटकेस में ठूंस कर यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे लाश से भरा सूटकेस फेंक गया। बंगाल में एक नेवी अधिकारी को उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर पहले तो जान से मारा फिर बाथरूम में उसकी लाश रखकर आरी से उसके शरीर के छः टुकड़े किये और उन्हें इलाके के विभिन्न हिस्सों में फेंक दिया। पति पत्नी और लिव इन रिलेशन शिप में होने वाली हत्याओं का तो सीधा अर्थ है भरोसे और विश्वास की हत्या। पिता-पुत्र-मां-बहन-भाई-बहनोई-साले आदि संबंधों के मध्य होने वाली हत्याओं का अर्थ है रिश्तों का कत्ल। परन्तु आज के युग में तो रिश्तों और भरोसों का कत्ल गोया सामान्य घटना बनती जा रही है।

कभी कभी तो विचार आता है कि ऐसी घटनाओं में प्रायः एक दो चार सिर फिरे व क्रूर प्रवृति के लोग ऐसे कारनामे अंजाम दे डालते हैं। और यदि यहाँ अधिक लोग होते तो शायद ऐसी घटना न घटती। परन्तु ऐसे विचार भी तब बेमानी नजर आने लगते हैं जब हम दंगाइयों की सामूहिक भीड़ की क्रूरता पर नजर डालते हैं। याद कीजिये 1984 में एक धर्म विशेष के लोगों को किस बेरहमी से कत्ल किया गया था। भीड़ जिंदा लोगों को टाँगें पकड़ कर मारते हुये खींचते हुये जगह जगह इंसानों की जलती चिताओं में फेंक रही थी। गले में जलते हुये टायर डाल कर हत्यायें हो रही थीं। लोगों को उनके घरों में आग लगाकर जिंदा जलाया जा रहा था। आम लोग तो क्या पुलिसकर्मी भी इन्हें बचाने नहीं आ रहे थे। 2002 का गुजरात याद कीजिये। कैसे ट्रेन के डिब्बे में आग लगाकर दंगाइयों ने 59 लोगों को जिंदा जला दिया था। उसके बाद गुजरात के बड़े क्षेत्र में दंगाइयों द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार महिलाओं का स्तन काटा जाना उनके पेट फाड़ कर बच्चा बाहर निकालना शरीर के टुकड़े टुकड़े करनाधर्म विशेष की पूरी की पूरी बस्ती आग के हवाले कर देना और इस तरह के न जाने कितने जुल्म धर्म के नाम पर धर्मांध भीड़ द्वारा दिल्ली गुजरात जैसी कई जगहों पर किये जाते रहे हैं।

कुछ अति शरारती तत्व हमारे ही समाज में ऐसे भी हैं जो केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिये अपने आकाओं के इशारे पर ऐसी क्रूरतम घटनाओं में अपराधी की धर्म-जाति देखकर ही प्रतिक्रिया करते हैं। यह चलन और भी बेहद खतरनाक है। यदि हत्यारा या जघन्य अपराधी उनकी अपनी बिरादरी या धर्म का है तो वे खामोश रहेंगे। केवल खामोश ही नहीं बल्कि प्रायः अपराधी यहाँ तक कि हत्यारेबलात्कारी व सामूहिक बलात्कार के दोषी का खुलकर पक्ष भी लेने लगेंगे। और यदि अपराधी दूसरे धर्म-जाति का है फिर तो समाज में आग लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। ऐसे लोगों की भी गिनती क्रूर अपराधी मानसिकता रखने वालों में ही की जानी चाहिये। समाज को ऐसे लोगों व उनके इरादों के प्रति सचेत रहने की जरुरत है। विशेषकर हमारे समाज को ही इस बात पर चिंतन मंथन करने की जरुरत है कि आखिर क्या वजह है और उसके संस्कारों में क्या कमी रह गयी है कि आज इंसान हैवानियत की सारी हदें पार करता जा रहा है।

# हिंदी और साहित्य क्रान्तिधरा में सरस्वती पुत्रों का वंदन!

मेरठ में एक पर्यावरणविद है विजय पंडित जो अपनी युगल पूनम पंडित के साथ मिलकर हिंदी और साहित्य की क्रान्तिधरा पर सरस्वती पुत्रो का वंदन कर रहे है। देश की सीमाओं को साहित्यिक रचनाधर्मिता से पाटकर भारत समेत विभिन्न देशों के हिंदी सेवियों को जहां उन्होंने एक मंच पर लाने का काम किया हैवही संस्कृति संस्कार के प्रतिबिंब लोकोपयोगी सांहित्य को अनुवाद के माध्यम से सांस्कृतिक सेतु के रूप में देश की सीमा रेखाओं पर स्थापित भी किया है।

इस युगल दम्पत्ति ने क्रांतिधरा साहित्य अकादमी संस्था के माध्यम से चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के सहयोग से बृहस्पति भवन में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मेरठ लिटरेरी फेस्टिवल का छठा संस्करण मनाया। जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जापान की वरिष्ठ हिन्दी सेवी डा. रमा पूर्णिमा शर्मा ने भाग लिया।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष आचार्य चंद्रशेखर शास्त्रीविक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलसचिव




श्रीगोपाल नारसन ब्रिटेन में हिंदी शिक्षिका जया वर्मा नेपाल के विद्वान हयग्रीव आचार्य और रूस से श्वेता सिंह ऊमा ने अपने हिंदी प्रेम की छाप छोड़ी। चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. नवीन चंद्र लोहनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिन्दी को रोजगार की भाषा बनाना होगातभी हिंदी की तरफ युवाओं को रुझान होगा। इसके लिए आनेवाली पीढी को हिन्दी से जोडना चाहिए। तीन दिवसीय महोत्सव में हिन्दी की वैश्विक स्तिथि पर परिचर्चा हुई जिसका संचालन विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग की डा. अंजु सिंह ने कियाजबकि वक्ताओ के रूप में प्रदीप देवीशरण भट्ट डा. अशोक मैत्रेय डा. ईश्वर चंद गंभीर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डा अशोक मैत्रेय ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण तो है ही साथ ही वह दीपक का भी काम करता है जो समाज को नई राह दिखाता है। डिजिटल क्रांति में पुस्तकों से दूरी विषय पर आयोजित परिचर्चा का संचालन विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलसचिव श्रीगोपाल नारसन ने किया। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार डा. विदूषी शमार्साहित्यलोक के अध्यक्ष डा. सुबोध कुमार गर्ग वक्ता के रूप में शामिल रहे।शाम के समय अंतरराष्ट्रीय मुशायरा भी हुआ। जिसकी सदारत रियाज सागर ने की मुशायरे मे अतिथि के रूप में विएना आस्ट्रीया से सुनीता चावला रहीं वरिष्ठ शायर किशन स्वरूप अनुराग मिश्र गैर के.के. भसीन सुंदर लाल मेहरानीयां डा. रामगोपाल भारतीय दिलदार देहलवी डा. एजाज पापूलर मेरठी अनिमेष शर्मा मनोज फगवाड़वी फकरी मेरठी मुकर्रर अदना सपना अहसास डा. अमर पंकज सुप्रिया सिंह वीणा देवेंद्र शर्मा देव ने शिरकत की। आयोजक डा. विजय पंडित ने कहा कि देश दुनियां में साहित्य संस्कृति आध्यात्म योग के माध्यम से दिलो को दिलो से जोड़ना ही उनका उद्देश्य है।वही इस आयोजन के माध्यम से एक दूसरे के लेखन व शोध से रूबरू कराना अनुवाद मंच उपलब्ध कराना प्रकाशन की दिशा में पहल साहित्य से जुड़े विचारों का आदान प्रदान करना परस्पर सहयोग की भावना पैदा पठन - पाठन व साहित्य के दायरे का विस्तार करने के साथ ही नवोदित व गुमनाम कलमकारो को वरिष्ठ साहित्यकारों के सानिध्य में एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना हैं। इस महोत्सव में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ की ओर से श्रीगोपालनारसन ने विजय पंडित को उनके हिंदी योगदान के लिए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि शाल ओढ़ाकर प्रदान की वही श्रीगोपालनारसन लिखित पुस्तक श्रीमद्भागवत गीता शिव परमात्मा उवाच का विमोचन भी किया गया।महोत्सव में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश समेत अनेक साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

# कुम्भकर्ण की भी बाप हो गयी हैं आजकल के नेताओं की आत्माएं

अपन ने रामायण में पढ़ा था और फिर टीवी में भी रामानंद सागर की रामायण में देखने भी मिला कि रावण का भाई कुम्भकर्ण महीनो सोता रहता था जब उसे जगाना पड़ता था तो तमाम तरह के खटकरम करने पड़ते थे तब कंही जाकर भाई साहेब की नींद खुलती थी' कुम्भकर्ण की नींद अभी तक सबसे गहरी और लम्बी मानी जाती थे लेकिन आजकल के नेताओं की आत्माएं तो कुम्भकर्ण की बाप हो रही हैं वे जागने के मामले में उसको मात देने पर तुली पड़ी हैं अब देखो न इंदौर के एक कांग्रेसी नेता थे सलूजा साहेब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सबसे खासम खास यानि सलूजा जी जो कहते थे वो कमलनाथ की वाणी मानी जाती थी मीडिया कोआर्डिनेटर जैसी भारी भरकम पोसर पर तैनात थे। बीजपी को रोज सुबह से पानी पी पी कर कोसना उनकी ड्यूटी में शुमार था' बीजेपी के हर काम पर नुक्स निकालने की जिम्मेदारी उनके ही कन्धों पर थी' बताया तो ये जाता है कि वैसे सलूजा साहेब की नेतागिरी में कोई ज्यादा बखत नहीं थी लेकिन कमलनाथ के खास होने के चलते उनकी नेतागिरी चमक गयी थी बीजेपी कि लाई लूटने में उन्होंने कभी कोई कसर भी नहीं छोड़ी थी लेकिन पता नहीं क्या हुआ उनकी आत्मा अचानक से जाग गयी और देखते देखते ही जो बरसों से कमलनाथ के गुण गाते थे एकदम से कमलनाथ के कट्टर विरोधी बन कर बीजेपी की गोद में जाकर बैठ गए बीजेपी तो चाह ही रही है कि पूरी कांग्रेस कांग्रेस जनों से खाली हो जाये सो उन्होंने भी सलूजा जी को हाथों हाथ अपनी गोदी में उठा लिया बाकायदा मुख्यमंत्री मामाजी ने उन्हें फौरन से पेश्तर बीजेपी की सदस्यता भी दिला दी अब लोगों ने पत्रकारों ने पूछा कि अचानक ऐसा क्या हो गया कि कांग्रेस का दामन छोड़कर आप बीजेपी के पल्लू से लिपट गए तो भाई साहेब ने बताया की उनकी आत्मा जाग गयी है जो कांग्रेस चौरासी के सिख दंगो की दोषी हो उसमें अब वे एक मिनिट भी नहीं रह सकते अपने को समझ में ही नहीं आता कि चौरासी के दंगे कांग्रेस के शासन काल में हुए थे ये बात भारत के बच्चे बच्चे को मालूम है तो क्या सलूजा जी को ये बात नहीं मालूम थी अचानक से उन्हें ये बात पता लगी और उन्होंने कमलनाथ का साथ छोड़कर शिवराज सिंह का हाथ पकड़ लिया ' आजकल नेताओं की आत्मा का रोल कुछ समझ में नहीं आता रात दिन जिस को गालिया देते हैं उनकी तमाम नीतियों की बखिया उधेड़ते रहते है अचानक ही उनके सबसे बड़े प्रशंसक कैसे बन जाते हैं और जब कोई उनसे पूछता है कि ऐसा कैसे हो गया तो एक ही वाक्य उनके मुखारबिंद पर आता है कि उनकी आत्मा जाग गयी है अब उनसे पूछे कोई कि हुजूर आपकी आत्मा इतने लम्बे समय तक क्या उनके साथ रह कर घास छील रही थी रही और फिर उसे अचानक ख्याल आया कि नहीं ये रास्ता ठीक नहीं है दूसरा रास्ता पकड़ना होगा अभी तक तो ये माना जाता था कि शरीर भले ही कितना पापी क्यों न हो लेकिन आत्मा पर एक दाग नहीं लगता उसका सीधा कनेक्शन परमात्मा से होता है पर आजकल की आत्माओं का कनेक्शन परमात्मा से नहीं बल्कि सीधा सत्ता से हो गया है जिसकी सत्ता होती है नेता की आत्मा अपने आप उसकी तरफ खिचि चली जाती है अपने को तो इस बात पर अचम्भा होता है कि जिस पार्टी



को जी भर के गालिया जो नेता देता रहा हो वो उसकी तारीफ के कसीद वो कैसे पढ़ लेता है लेकिन कहते हैं नेताओं को ऊपर वाला किसी दूसरी ही मिट्टी से बनाता है अच्छा हुआ अपने को उस मिट्टी से नहीं बनाया बच गए भैया। आयुर्वेद के महा ज्ञाता योग गुरु बाबा रामदेव का आजकल डंका बज रहा है ऐसा कौन सा रोग हैं जिसका इलाज बाबाजी के पास न हो बड़े बाद विज्ञापनों से टीवी चैनल अखबार भरे रहते हैं लेकिन कई बार बाबाजी भटक से जाते हैं दो दिन पहले बाबाजी को पता नहीं क्या सूझा कि कुछ ऐसा कह दिया कि पूरी नारी शक्ति बाबाजी की दुश्मन बन गयी बस इतना ही कहा था कि महिलाएं बिना कपडे की भी अच्छी लगती हैं अब आप खुद ही सोचो बाबाजी से कोई ऐसी उम्मीद कर सकता है क्या कि बाबाजी ऐसी बात कह देंगे लेकिन जबान तो जबान है कब फिसल जाए कहना मुश्किल है सो उनकी जबान भी फिसल गयी जंहा वे भाषण दे रहे थे उस मंचा पर महिलाये भी थी जाहिर है कि महिलाओँ को गुस्सा तो आना ही था तो तमाम महिलाए बाबाजी पर दाना पानी लेकर चढ़ बैठी अपने को तो लगता है कि बाबाजी कहना कुछ और चाह रहे थे और कह कुछ और गए वैसे एक बार बाबाजी किसी आंदोलन के दौरान पुलिस से बचने के लिए महिलाओ की ड्रेस पहन कर भागे थी तब से ही उन्हें महिलाओं की ड्रेस के बारे में कुछ ज्यादा ही ज्ञान हो गया है।

# अगर नारी ना हो तो सृष्टि ही समाप्त हो जाएगी

आज के इस बदलते समय में जहां बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है उसमें एक गरीब लड़की के पिता होना शायद एक अभी श्राप बनता जा रहा है उस पिता के लिए रात की नींद हराम हो जाती है जिंदगी की सारी कमाई दहेज में खत्म हो जाती है फिर भी दहेज लेने वाले की इच्छाएं पूरी नहीं होती समाज के सभी बुद्धिजीवी लोग जानते हैं जब से दुनिया शुरू हुई तब से ही नारी का महत्व हमारे समाज में सबसे ज्यादा है जब भी कोई इंसान दुनिया में आता है तो उसमें नारी का बड़ा ही योगदान होता है अगर नारी ना हो तो सृष्टि ही समाप्त हो जाएगी नारी कभी मां बनकर तो कभी बहन बनकर तो कभी पत्नी बनकर इस संसार को संभालती आई है पर आज दहेज के कारण लड़कियां बोझ से लगने लगी है एक बाप लड़की के जन्म से लेकर उसके भरण पोषण उच्च शिक्षा तक अपनी सारी कमाई लगा देता है फिर भी वह बाप उस लड़की के शादी के लिए एक अच्छा रिश्ता ढूंढने में असफल हो जाता है क्योंकि उसके पास दहेज के लिए पैसे नहीं होते अगर वह शादी के लिए रिश्ता ढूंढ भी लेता है तो लड़के वाले के फरमाइश के तले कर्ज में डूब जाता हैआज भ्रूण हत्या का मुख्य कारण दहेज है मैं समाज और सरकार दोनों से प्रार्थना करता हूं की इस इस दहेज जैसी बुराई को मिटाने के लिए आगे आए इसके लिए कठोर कानून की जगह इस बुराई से उत्पन्नहोने वाली समस्या को चित्रण करने की जरूरत है ताकि इसका एहसास समाज को हो कि नारी ही नहीं रहेगी तो बेटा कहां से लाओगे बेटी नहीं रहेगी तो भाई के कलाई पर राखी कौन बांधे गी नारी का सम्मान करने की जरूरत है ताकि समाज से कुछ हद तक बुराइयों को खत्म किया जा सकेऔर हर इंसान लड़की होने पर गर्व महसूस करें दहेज में लगने वाले सारे पैसे उसके तरक्की में लगाएऔर उसे देश के लिए एक सफल नारी बनाएं जय हिंद जय भारत।

**राजमोहम्मद अंसारी**
**शिक्षक**
**जिला- छपरा**

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार के ईनामिया के पैर में लगी गोली

## किशोरी की गला एवं पेट पर धारदार हथियार से प्रहार कर की निर्मम हत्या

प्रखर मिजार्पुर। 15 वर्षीया किशोरी की हत्या के मामले में आज भोर में अदलहाट थाना क्षेत्र में हुये पुलिस मुठभेड़ में इस घटना से संबंधित वांछित 50 हजार का ईनामिया अभियुक्त घायल घायल हो गया जिसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है उसके पास से अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार थाना अदलहाट पर पंजीकृत मु0अ0सं0-225/2022 धारा 302 भादवि से सम्बन्धित 50 हजार के ईनामिया अभियुक्त विकास कुमार पुत्र किशोर निवासी मुस्कीपुर कोठी गोगई थाना गोगरी जनपद खगड़िया बिहार को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के बांये पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार ईनामिया अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 2 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बता दें कि अदलहाट थाना क्षेत्र के गोठौरा ग्राम के कुकुहीपुर पहाड़ के खदान पर शनिवार को सायं गोठौरा ग्राम निवासी मुन्ना की 15 वर्षीय पुत्री पूनम का शव मिला था। जिसके गले और पेट पर धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या की गई थी। शनिवार को ही सुबह चार बजे वह घर से शौच के लिए निकली थी। इस संदर्भ में पुलिस ने



कातिल को पकड़ने के लिए टीम गठित की थी जिसमें यह सफलता पुलिस के हाथ लगी है। प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में पुलिस की 03 टीमें गठित कर यथाशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। किशोरी की निर्मम हत्या करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा 50 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अदलहाट स्वाट / सर्विलांस व एसओजी की गठित संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.11.2022 की रात्रि सुरागरसी पतारसी के क्रम में तथा भौतिक इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्त के थाना अदलहाट क्षेत्र में होने से सम्बन्धित मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गयी। इस दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम फायर कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिससे अभियुक्त के बांये पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम विकास कुमार पुत्र किशोर शाह निवासी मुस्कीपुर कोटी वार्ड नं0.20 गोगरी थाना गोगरी जनपद खगड़िया बिहार बताया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा व 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त विकास कुमार से किशोरी की हत्या के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो बताया कि उसकी किशोरी से पूर्व से जान पहचान थी, दिनांकः 26.11.2022 को मिलने के लिए गोठौरा पहाड़ी पर बुलाया गया था इसी दौरान बाद विवाद होने पर किशोरी के पेट में चाकू घोंप दिया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम प्र0नि0अदलहाट-विजय कुमार चौरसिया मय टीम, निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव प्रभारी एसओजी मय टीम, उ0नि0 राजेश जी चौबे प्रभारी स्वाट / सर्विलांस मय टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 25 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# मुर्गी फार्म में सोए युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

प्रखर मुफ्तीगंज जौनपुर। बीती रात गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के विझवार सारंग गांव में मुर्गी फार्म में सोए युवक मनीष नागर पुत्र प्रदीप नागर उम्र 22 वर्ष की संगदिग्ध परिस्थिति में मौत सुबह जानकारी होने पर युवक के स्वजनों द्वारा घटना की सूचना थाने पर दी गई।मौके पर सी ओ केराकत गौरव



वर्मा तथा थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह घटना की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मनीष नागर गांव में ही मुर्गी फार्म चलाता है सोमवार की शाम रोजाना की तरह मुर्गी फार्म पर सोने चला गया।सुबह देर तक न जागने पर पड़ोसियों द्वारा उसके घर सूचना दी गई।मृतक के स्वजन मुर्गी फार्म पर पहुंच कर देखे की युवक मृत हालत में पड़ा था और फार्म रहे आधे से अधिक मुर्गियों की भी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना तत्काल थाने पर दे गई मौके पर सी ओ केराकत गौरव वर्मा और थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह पहुंच घटना की छानबीन कर शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार मृतक के दो बहने थी भाईयो में अकेला था मृतक का पिता रोजी रोटी के सिल सिले में बाहर रहता है।मनीष की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुवा है मृतक की मां की चीख पुकार सुन हर आने जाने वाले के आंख में आंसू छलक पड़ रहे है। पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबदशपुर ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जिससे की घटना की वजह का पता लगाया जा सके अभी किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं मिली है।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पशु अस्पताल बन्द मिलने पर बीडीओ से की शिकायत



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक मुख्यालय मंगारी के परिसर में स्थित पशु चिकित्सालय में ताला बन्द मिलने पर मंगलवार को पशु पालकों ने आक्रोश जताया और बीडीओ से लिखित शिकायत दर्ज कराई। नेवादा निवासी पशु पालक व आप नेता धर्मेंद्र सिंह पप्पू अपने बीमार पशु के इलाज के लिए मंगारी स्थित ब्लॉक पशु अस्पताल पहुचे लेकिन दोपहर 2 बजे ही ताला लटका मिला। जिसपर उक्त अस्पताल आये आधा दर्जन पशु पालकों के साथ बीडीओ दीपाकंर आर्य से लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# राजाराम मोहन राय की 250वीं जयन्ती पर महिला विद्यालयों ने निकाली महिला सशक्तिकरण की जागरूकता रैली

प्रखर मिजार्पुर। राजाराम मोहन राय की 250वी जयन्ती वर्ष पर नगर के कई महिला विद्यालयों द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता रैली निकाली।इस रैली में महर्षि दयानंद बालिका इण्टर कॉलेज,सुन्दर मुन्दर जायसवाल बालिका इण्टर कॉलेज,हिन्दू बालिका विद्यालय,आर्यकन्या पाठशाला इण्टरमीडिएट कॉलेज,स्व०काशीराम राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की बालिकाओं ने भाग लिया।रैली जीआईसी कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के कई मार्गो से गुजरते हुये त्रिमोहानी स्थित शहीद उद्यान में रैली का समापन हुआ।इस समापन कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।जहा उन्होंने राजा राममोहन राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि राजा राममोहन राय की 250वी जयन्ती वर्ष पर नगर के महिला विद्यालयों ने महिला सशक्तिकरण की जागरूकता रैली निकाल कर समाज को एक संदेश देने का काम किया। देश की महिलाओं को अब बराबर का हक मिला है।समाज के हर वर्ग,क्षेत्र में अब महिलाएं भी



कंधे से कंधा मिलाकर चलती है।राजा राममोहन राय ने ही महिला सशक्तिकरण की पहल कर समाज मे फैली कुरीतियों का जमकर विरोध किया था।उन्होंने सती प्रथा,बाल विवाह जैसे कई कुप्रथाओं के खिलाफ कानून बनाकर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया था।आज पूरा भारत उनकी 250वी जयन्ती वर्ष मनाकर उनको श्रद्धाजंलि दे रहा है।इस मौके पर जीआईसी प्रधानाचार्य राजकुमार दिक्षित,सुंदर मुन्दर प्रधानचार्य सुनीता पाण्डेय, स्व०काशीराम प्रधानाचार्य अनिता यादव, आर्यकन्या पाठशाला प्रधानचार्य रीता वर्मा,महर्षि दयानन्द प्रधानाचार्या विजयबाला श्रीवास्तव, हिन्दु बालिका प्रधानाचार्या रानी श्रीवास्तव, अनूप कुमार,जय सिंह,संजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह,नीरज कान्त, बृजेश कुमार पाण्डेय, कमलेश कुमार आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे ।

# भाजपा सांसद की कार ने छात्र को कुचला छात्र की मौत

लखनऊ। लखनऊ में भाजपा सांसद की कार से कुचलकर एक बच्चे की मौत होने होने के बाद कार चालक पर केस दर्ज किया गया है। बस्ती जिले के हरदिया पेट्रोल पंप के पास भाजपा सांसद हरीश द्विवेदी की एसयूवी से कुचलकर दूसरी कक्षा के छात्र अभिषेक राजभर की मौत हुई थी। दुर्घटना मे घायल होने के बाद बच्चे को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था लेकिन उसकी वहां मौत हो गई। इस घटना के सीसीटीवी वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की। बस्ती एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सांसद की एसयूवी के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी में भाजपा सांसद की 2 गाड़ियां देखी गई हैं। सीओ रैंक के एक अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। छात्र के पिता शत्रुघ्न राजभर ने कहा कि घटना स्थल से बरामद सीसीटीवी फुटेज में सांसद और उनका वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई देने के बावजूद अभी तक भाजपा सांसद या चालक के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। लोगों ने संवाददाताओं को बताया कि सांसद पीड़ित परिवार को सांत्वना देने भी नहीं आए। पुलिस ने कहा कि 87 सेकंड के सीसीटीवी फुटेज में घटना के बाद 2 एसयूवी दिखाई दे रही हैं।




# ज्ञानेंद्र मिस्टर फ्रेशर व शिवानी बनीं मिस फ्रेशर



अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। उनके अभिनंदन में क्षिप्रा सभागार में दी गई फ्रेशर पार्टी में मिस्टर फ्रेशर ज्ञानेंद्र सिंह और मिस फ्रेशर शिवानी सेठी को चुना गया। वहीं मिस परफॉर्मर दीपशिखा और मिस्टर परफॉर्मर ज्ञानेंद्र सिंह को चुना गया। मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर को ताज पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के सामने कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा मानविकी संकाय के डीन प्रो. जयंतीलाल जैन डीजेएमसी के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गौतम डीन साइंटिफिक रिसर्च प्रो. रवि कांत व वरिष्ठ उद्यमिता विकास प्रशिक्षक राजेश पंचसारा ने दीप प्रज्जवलन करके की। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं डीन मानविकी प्रो. जयंतीलाल जैन ने विद्यार्थियों के टैलेंट की तारीफ की और उनके कला प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम में किसी ने गीत गाकर अपनी प्रतिभा दिखाई तो किसी ने नृत्य और मिमिक्री की। रैंप पर जूनियर्स ने वॉक कर अपना परिचय दिया और सीनियर्स के द्वारा दिए गए टॉस्क पर परफॉर्म किया। निर्णायक की भूमिका में डा. जितेन्द्र यादव डा. ममता रानी व डा. दीपमाला रहे। कार्यक्रम समन्वयक मनीषा उपाध्याय रहीं। कार्यक्रम के आयोजन की बागडोर जूही रितिक अमन शिवांगी शताक्षी मिश्रा प्रशांत अब्दुल दीपिका और खुशबू ने संभाली। संचालन आशी चौधरी व दिव्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर डा. योगेश गुप्ता डा. अशोक उपाध्याय डा. अंकुर अग्रवाल डा. सिद्धार्थ जैन डा. संजय पाल डा. विकास शर्मा डा. रश्मि सक्सेना डा. नियति शर्मा श्वेता भारद्वाज वीर प्रताप सिंह याशिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं की चुप्पी ने नेताओं की बढ़ाई धड़कन जानें क्या कहते हैं मैनपुरी के लोग

मैनपुरी। लोकसभा उपचुनाव के कारण मैनपुरी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। दिग्गज नेता प्रधानी के चुनाव की तर्ज पर डगर-डगर प्रचार कर रहे हैं। बावजूद इसके मतदाता चुप्पी साधे हैं। मतदाताओं की चुप्पी नेताओं को रास नहीं आ रही है और उनकी धड़कनें बढ़ी हैं।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर पांच दिसंबर को मतदान होगा। मतदान का समय नजदीक आते ही सपा और भाजपा ने पूरी ताकत चुनाव प्रचार में झोंक दी है। मैनपुरी के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब दिग्गज नेता डोर टू डोर सभाएं कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव हों या फिर भाजपा के डिप्टी सीएम और मंत्री सभी प्रधानी चुनाव की तरह एक-एक मतदाता से वोट मांग रहे हैं। नेताओं की ओर से चुनाव को लेकर



जितनी सक्रियता दिखाई जा रही है मतदाताओं में उतनी ही निराशा नजर आ रही है। कुल मिलाकर मतदाता चुप्पी साधे हुए हैं। नेताओं को वह किस पार्टी का समर्थन करेंगे इसका रुझान नहीं मिल पा रहा है। इससे नेताओं की परेशानी और बढ़ गई है।

**खेतों में काम करें या प्रचार करें** – ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता इन दिनों खेतीबाड़ी के कार्य में व्यस्त हैं। यही कारण है कि वह चुनाव की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। मौजूदा समय में खेतों में गेहूं की बुवाई आलू की रखवाई और धान की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। करहल विधानसभा क्षेत्र के गांव भटाई निवासी मुकेश बाथम और नगला बाले गांव निवासी हुकुम सिंह पाल का कहना है कि चुनाव मैदान में सिर्फ दो ही प्रत्याशी है। इन्हीं दो में एक प्रत्याशी का चुनाव करना है। मतदान के साथ ही खेती का काम भी जरूरी है।

**आपको ही मिलेगा वोट**– शहरी क्षेत्र में मतदाता हर दल के नेता को वोट का आश्वासन दे रहे हैं। जनसंपर्क और चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं का कहना रहता है कि वोट आपको ही देंगे। फिर चाहे वोट मांगने वाले सपा के नेता और और फिर भाजपा के। दरवाजे पर जो आया उसी को वोट देने का आश्वासन देकर खुश कर दिया।

## दलित किशोरी से गैंगरेप

प्रतापगढ़। उप्र के प्रतापगढ़ जिले के जेठवारा इलाके में नाबालिग दलित किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना हुई। रविवार की रात शौच के लिए गई 16 साल की किशोरी से गांव के ही दो लोगों ने रेप किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह घर लौटी पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजन सोमवार पीड़िता को लेकर जेठवारा पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर गैंगरेप और दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। पीड़िता ने बताया कि दो लोग उसके पास पहुंचे और धमकाते हुए उसके साथ रेप किया। किशोरी ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी देने के साथ दोनों के नाम बताए। सोमवार को घर के लोग पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे और उनके खिलाफ गैंगरेप व दलित उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई।

## कई बैठकों के बाद भी लटका पुलिस कमिश्नरेट में पदों के सृजन का प्रस्ताव

लखनऊ। यूपी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के 3 दिन बाद भी नवगठित कमिश्नरेट में अफसरों की तैनाती नहीं हो पायी है। हालाकि अफसरों की तैनाती के लिए शीर्ष स्तर पर कई बैठके हुई थीं इन बैठकों के बाद भी कोई निर्णय नहीं हुआ है। इससे पुलिस कमिश्नरेट के हिसाब से पदों के सृजन का प्रस्ताव भी अधर में लटक गया है। गौरतलब है कि आगरा प्रयागराज और गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू हुई है। इसका प्रस्ताव 25 नवंबर को ही शासन को भेज दिया गया था। इसके बाद पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने की अधिसूचना 26 नवंबर को जारी की गई। यह प्रणाली लागू होने के बाद संबंधित जिलों में पुलिस से संबंधित अधिकतर मामलों में मजिस्ट्रेट का हस्तक्षेप समाप्त हो गया है। ऐसे में संबंधित जिलों में तैनात अफसर भी ऊहापोह में हैं कि उनकी अब क्या भूमिका है। पुलिस कप्तान प्रभारी पुलिस आयुक्त के रूप में काम करें या पूर्व की तरह काम करते रहें। पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद नवगठित कमिश्नरेट में अफसरों की तैनाती की जाएगी। आगरा प्रयागराज और गाजियाबाद जिलों में पहले से ही एसपी रैंक के 11 अफसर तैनात हैं। अब डीसीपी के लिए 9 पद सृजित किए जा सकते हैं। इन पदों पर 2015 2016-17 बैच के अफसरों की तैनाती हो सकती है।




## संक्षिप्त खबरें

### खेलो बनारस न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



प्रखर दानगंज वाराणसी। आर.एन. एस. पब्लिक स्कूल महुआतर दानगंज,की छात्रा आस्था चौबे ने खेलो बनारस 2022 में (U-16 Short Put) में चोलापुर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिला के लिए चयनित हुई,एवं अंजली निषाद (48 kg),सौम्या निषाद (53 kg) भारोत्तोलन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला के लिए चयनित हुई। इस उपलब्धि पर प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं प्रधानाचार्या विनीता मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

### जिलाधिकारी से जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता की अध्यक्षता में शिष्टाचार मुलाकात



प्रखर वाराणसी। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन वाराणसी उ0प्र0 का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता की अध्यक्षता में शिष्टाचार मुलाकात की व विभिन्न विषयों पर चर्चा हुयी एवं स्वागत व सम्मान किया गया।प्रतिनिधिमण्डल में सर्वश्री प्रतीक गुप्ता जी (अध्यक्ष) ओमकृष्ण दास अग्रवा (महामंत्री). मनमोहन अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री गुलशन कपूर (वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कुंवर कृष्ण अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री राजवंश जायसवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) श्रीनाथ कुमार अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री मुकेश गुजराती (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), राजेन्द्र अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री सत्येन्द्र अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्री अनि कमार (बाबा) (उपाध्यक्ष), श्री शरद केशरी (उपाध्यक्ष), श्री आलोक सेठ (मंत्री), राजेश गुप्ता (मंत्री), श्री गणेश सेठ (मंत्री), श्री आकाश जायसवाल (मंत्री), श्री दिने चौरसिया (मंत्री), श्री शशांक साहू (मंत्री), श्री रूपेश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), श्री संतोष जायसवाल ( संगठन मंत्री) श्री सुनील चौरसिया ( संगठन मंत्री), श्री गौरव अग्रवाल ( संगठन मंत्री), श्री राजकिशोर जी मीडिया प्रभारी), श्री मनोज कपूर जी (कार्यकारिणी श्री राजेश केशरी (कार्यकारिणी) व श्रीमती रीता गुप्ता जी, श्रीमती अनामिका अ श्रीमती सुष्मिता सेठ जी उपस्थित रहीं।


### नगर विधायक के प्रयास से लगेगा हेल्थ एटीएम मशीन

प्रखर मिजार्पुर। विंध्याचल उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर कोशिश संभव कर रही है। जो गरीबों के लिए महंगे जांच के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है प्राइवेट लैब में महंगे दाम देने में असमर्थ होने के कारण गरीब परिवार के सदस्यों का बेहतर उपचार ना होने पर उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर विधायक निधि द्वारा घोड़ू इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 11 लाख 76 हजार लागत के रुपए से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल, छानबे ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर एवं कोन ब्लाक के चिल्ह प्राथमिक स्वास्थ्य इन तीनों केंद्रों पर हेल्थ एटीएम मशीन लगाए जाएंगे। इन स्थानों पर हेल्थ मशीन लगाए जाने पर जो बाहर से महंगे दामों पर जांच की जाती है वह कम दामों पर इन स्थानों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की जाएंगे ताकि गरीब परिवार को स्वास्थ्य सेवाएं लाभ मिल सके । जो कि इन मशीन लगाने का जिम्मा घोड़ू इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी दिल्ली ने लगाने का जिम्मा लिया है। नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है के गरीब परिवार को स्वास्थ्य सेवाएं अधिक से अधिक लाभ ले सके एवं कम दाम में भी सभी प्रकार की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक केंद्रों पर किया जा सके, कम पैसों में सभी प्रकार की जांच द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार बैंक कर्मी की हुई मौत

प्रखर मिजार्पुर। कोतवाली क्षेत्र के खानजादीपुर में बीती रात लगभग नौ बजे इमिलिया चट्टी बैंक आफ बड़ौदा के क्रेडिट आफीसर लोनिग विभाग के शैलेश कुमार सिंह पुत्र कमलकांत सिंह उम्र 32 अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से घटना स्थल पर मौत हो गई स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया गया मृतक बैंक से अपने घर मारूति नगर सामने घाट वाराणसी के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे पुलिस ने परिजनों सूचना देकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी रंजना सिंह बैंक आफ बड़ौदा वाराणसी में कार्यरत हैं उनके एक पुत्री आदवीय 3 वर्ष की हैं पोस्टमार्टम हाउस पर बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेप के आरोपित के घर हुई नोटिस चस्पा



प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने मंगलवार से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी फरार रेप के आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर नोटिस चस्पा की। बताते चलें कि सन 2018 में मरुई निवासी कृष्ण कांत वर्मा के खिलाफ सिंधोरा पुलिस ने 376 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। तभी से वह फरार चल रहा है। न्यायालय द्वारा वारंट भी जारी किया। उसके बाद हाजिर न होने पर कुर्की के कार्रवाई के पूर्व धारा 82 सीआरपीसी के तहत आरोपित के घर व सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा की। इस दौरान एसआई मोहम्मद परवेज, सिपाही मेनन सिंह व सूरज यादव रहे।



# ह्यूग जैकमैन की हस्ताक्षरित टोपी के लिए 100,000 डॉलर की बोली

**लॉस एंजलिस (आईएएनएस)।** हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन का शनिवार शाम ब्रॉडवे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जब वह ह्यूग जैकमैन के 'द म्यूजिक मैन' रिवाइवल के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, चैरिटी ब्रॉडवे केयर्स/इक्विटी फाइट्स एड्स के लिए एक नीलामी के दौरान, किडमैन ने जैकमैन द्वारा हस्ताक्षरित टोपी के लिए 100,000 डॉलर की भारी बोली लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।जैकमैन ने ट्विटर पर मीटिंग का एक वीडियो साझा किया और अपने साथी ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।


किडमैन ने विंटर गार्डन थियेटर में मंच पर आने के बाद माइक्रोफोन लेते हुए कहा, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं। मैं ब्रॉडवे से प्यार करती हूं। और मुझे वह पसंद है जो वे करते हैं, ब्रॉडवे केयर, लेकिन मैं यह भी कहना चाहती हूं कि यह शो असाधारण है।'जैकमैन ने वैरायटी के हवाले से कहा, 'मैं निक को लगभग 30 वर्षों से जानती हूं। मैंने उनके साथ काम किया है। मैं आपको बता सकती हूं कि यह मेरे लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वह उन सबसे उदार लोगों में से एक है जिन्हें मैं जानती हूं। आप एक खूबसूरत इंसान हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं। धन्यवाद।'

वैराइटी के अनुसार, किडमैन की 100,000 डॉलर की बोली ने भीड़ से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया प्राप्त की, जैकमैन ने मजाक में कहा 'मैं बस स्पष्ट होना चाहती हूं, यह ऑस्ट्रेलियाई डॉलर नहीं है।' (वर्तमान रूपांतरण दरों के तहत, किडमैन की बोली 148,744 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर है।)'म्यूजिक मैन' के कलाकार हाल के प्रदर्शनों के समापन पर ब्रॉडवे केयर्स/इक्विटी फाइट्स एड्स के लिए धन जुटा रहे थे।

# 72 प्रतिशत भारतीय नहीं बताते पाइल्स के बारे में

**नई दिल्ली। (एसएनबी)।** भारतीयों को 'पाइल्स' की समस्या के बारे में बात करने में या फिर डॉक्टर से परामर्श लेने में शर्म क्यों महसूस होती है। इस बारे में किए गए एक अध्ययन में सामने आया कि 72 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि यदि कोई पाइल्स से पीड़ित है तो उसका मजाक उड़ाया जाता है। 70 प्रतिशत से





■ अध्ययन में इसकी वजह पीड़ित का मजाक उड़ाना माना गया

ज्यादा भारतीयों ने पाया कि फिल्मों/टीवी/सोशल मीडिया में या फिर जीवन की दैनिक जीवन में पाइल्स का उल्लेख अपमानजनक रूप में किया जाता है। चौंकाने वाली बात है कि 40 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि पाइल्स का इलाज संभव नहीं और यह आजीवन चलने वाली समस्या है। 20 प्रतिशत लोग मानते हैं कि पाइल्स यौन संक्रमण से हो सकता है।

हालांकि ज्यादातर लोगों में इस बीमारी के कारणों के प्रति जागरूकता पाई गई। 38 प्रतिशत ने कहा कि पाइल्स कब्ज के कारण होता है और 34 प्रतिशत ने माना कि यह जीवनशैली की बीमारी है। यह अध्ययन प्रिस्टीन केयर ने किया। इस अध्ययन में मेट्रो शहरों के एक हजार लोगों से बात की गई। इस बारे में प्रिस्टीन केयर के को-फाउंडर व जनरल सर्जन डॉ. वैभव कपूर, ने कहा, 'शिथिल जीवनशैली, मोटापा, कम फाइबरयुक्त आहार, भारी वजन उठाना और घंटों तक बैठे रहना भारतीय युवाओं में पाइल्स के बढ़ते मामलों का मुख्य कारण है। पाइल्स के 80 प्रतिशत मरीज पुरुष हैं। 26 से 40 साल के ज्यादातर भारतीय युवा पाइल्स की सर्जरी करा चुके हैं। शहरों के मामले में मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद में पाइल्स के सबसे ज्यादा मामले सामने आए। पाइल्स के बारे में भ्रांतियों को तोड़ने के लिए प्रिस्टीन केयर ने सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाया है क्योंकि अन्य प्रक्रियाओं के मुकाबले पाइल्स की सर्जरी सबसे आम सर्जरी होती है।



# आर्ट : डायलन गैलरिस्ट ने हाथ से हस्ताक्षरित प्रतियों के लिए पूर्ण वापसी की पेशकश की

**लंदन (आईएएनएस)।** ब्रिटेन की गैलरी जिसने बॉब डायलन के चित्रों के प्रिंट का एक बड़ा हिस्सा बेचा है, ने एक बयान जारी किया है, जिसमें "हस्त-हस्ताक्षरित" आइटम खरीदने वाले ग्राहकों के लिए पूर्ण रिफंड की पेशकश की गई है, जो वास्तव में मशीन-ऑटोग्राफ किए गए हैं, रिपोर्ट 'वैरायटी'।

उन्हें प्रिंट रखने के लिए मिलेगा, लेकिन जाहिर तौर पर उन्हें रिफंड संसाधित करने के लिए उनके साथ आए प्रामाणिकता के प्रमाण पत्र को वापस भेजना होगा, बदले में प्रिंट को प्रमाणित करने वाले प्रमाण पत्र को वापस लेना होगा। रविवार की सुबह कैसल गैलरीज के एक फेसबुक पोस्ट में कहा गया कि रिफंड डिलन के 'अफसोस' के अपने पोस्ट के बाद आया। एक अत्यधिक अनैच्छिक सार्वजनिक बयान में, संगीत आइकन ने कहा कि उन्होंने 2019 में कलाकृति पर प्रजनन हस्ताक्षर का उपयोग करना शुरू कर दिया था, एक ऐसे समय में जब वह वर्टिगो से पीड़ित थे, और महामारी के दौरान इस प्रक्रिया का उपयोग करना जारी रखा, हस्ताक्षर करने में सहायता करने के लिए कर्मचारी नहीं होने के कारण। डायलन के बयान में कहा गया है कि उनकी टीम गैलरी के साथ-साथ उनके पुस्तक प्रकाशक, साइमन एंड शूस्टर के साथ काम कर रही थी, ताकि इस मुद्दे का निवारण किया जा सके। कैसल गैलरीज ने कहा कि प्रिंट के केवल दो बैच ऑटोपेन प्रक्रिया के अधीन थे, दोनों ने इस साल जारी किया: 'द रेट्रोस्पेक्टम कलेक्शन' और 'सनसेट, मोनुमेंट वैली'।

# उर्फी जावेद ने चेतन भगत को लिया निशाने पर

**मुंबई (आईएएनएस)।** उर्फी जावेद ने लोकप्रिय लेखक चेतन भगत द्वारा की गई एक टिप्पणी के लिए उन्हें निशाने पर लिया है। चेतन भगत ने उर्फी के कपड़ो को लेकर अपना बयान दिया था कि वह युवाओं को विचलित करने वाली हैं। इस बात पर विवाद होने के बाद चेतन भगत ने अपनी बात पर सफाई भी दी थी लेकिन उर्फी ने इसके बाद अपनी बात रखते हुए चेतन भगत की जमकर आलोचना की।

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी चैट की एक श्रृंखला साझा की जो कुछ साल पहले मी-टू अभियान के दौरान वायरल हुई थी। तब लेखक और योग प्रशिक्षक इरा त्रिवेदी ने उन पर यौन दुराचार का आरोप लगाया था। भगत के खिलाफ आरोपों की ओर अपने अनुयायियों का ध्यान आकर्षित करने के बाद, उर्फी ने लेखक की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी, 'दोस्तों, यह मत भूलिए कि कितनी महिलाओं ने मी-टू मामले के दौरान उन पर आरोप लगाया था।' उन्होंने कहा कि, 'भगत जैसे पुरुष केवल महिलाओं को दोष देते हैं।

उर्फी ने कहा, 'उसके जैसे पुरुष हमेशा अपनी कमियों को स्वीकार करने के बजाय महिलाओं को दोष देंगे !! सिर्फ इसलिए कि आप विकृत हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि यह लड़की की गलती है या उसने क्या पहना है! अनावश्यक रूप से मुझे एक बातचीत में घसीटना, यह टिप्पणी करना कि मेरे कपड़े कैसे युवा लड़कों को



■ चेतन भगत ने उर्फी के कपड़ो को लेकर अपना बयान दिया था कि वह युवाओं को विचलित करने वाली हैं

विचलित कर रहे हैं, यह बकवास है! युवा लड़कियों को संदेश देना उनके लिए एक व्याकुलता नहीं है।'

उर्फी ने यह भी बताया कि कैसे भगत की टिप्पणी से पता चलता है कि उनकी सोच काफी पुराने जमाने की है। उर्फी ने कहा, 'बलात्कार की संस्कृति को बढ़ावा देना बंद करो, तुम वहां बीमार हो! पुरुषों के व्यवहार के लिए महिलाओं के कपड़ों को दोष देना 80 के दशक की बात है, मिस्टर चेतन भगत। जब आपने अपनी उम्र से आधी उम्र की लड़कियों को मैसेज किया तो आपको कौन विचलित कर रहा था?'

उर्फी ने आगे कहा, 'हमेशा विपरीत लिंग को दोष दें, और अपनी कमियों या दोषों को कभी स्वीकार न करें! आप जैसे लोग युवाओं को गुमराह कर रहे हैं, मुझे नहीं। पुरुषों को महिलाओं या उनके कपड़ों पर दोष लगाने के लिए प्रोत्साहित करना जब वे गलती करते हैं।' सवाल करते हुए उर्फी ने कहा, 'मैं साहित्य उत्सव में अपना नाम लेने की जरूरत नहीं समझती। मैं कोई लेखक नहीं हूं। साथ ही आपने कहा कि मेरी फोटो देखकर युवाओं का ध्यान भटक रहा है। बात तो छोड़िए। पहले यह बताइए कि आप क्यों, जो डबल स्टैंडर्ड हैं। क्या आप अपनी उम्र से आधी उम्र की लड़कियों को मैसेज भेज रहे थे? क्या यह ध्यान भटकाने वाली बात नहीं थी? क्या आपकी शादी और आपके बच्चे इससे प्रभावित नहीं हो रहे थे?' भगत ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह स्पष्ट करने के लिए भी कहा कि इसे अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है जो उन्होंने नहीं कहा था। भगत ने कहा, 'मैंने लोगों से कहा कि वे फिटनेस और अपने करियर पर ध्यान दें और इंस्टाग्राम पर अपना समय बर्बाद न करें। जाहिर तौर पर, यह ठीक नहीं है! इसलिए उन्होंने मेरे बयान को काट दिया, इसे संदर्भ से बाहर कर दिया, हेडलाइन में वे बातें जोड़ दीं जो मैंने कभी नहीं कही।'

# रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' का टीजर हुआ रिलीज

**मुंबई (आईएएनएस)।** रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म 'सर्कस' के निर्माताओं ने सोमवार को इसका टीजर रिलीज किया। 'सिम्बा' और 'सर्यूवंशी' के बाद सुपरस्टार बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ रणवीर सिंह का तीसरा कोलैबोरेशन है।

टीजर में संजय मिश्रा, अश्विनी कालसेकर, मुकेश तिवारी, मराठी अभिनेता सिद्धार्थ जाधव के साथ-साथ जैकलीन फर्नांडीस, पूजा हेगड़े और वरुण शर्मा जैसे रोहित शेट्टी हैं। फिल्म में रणवीर और वरुण दोनों ही डबल रोल निभाते नजर आ रहे हैं। टीजर में न केवल ट्रेलर रिलीज होने की तारीख (2 दिसंबर) की घोषणा की गई है, बल्कि यह भी कहा गया है कि फिल्म इस साल क्रिसमस के दौरान रिलीज होगी। 48 सेकंड के रनटाइम के साथ, टीजर सिग्नेचर रोहित शेट्टी मनोरंजन से पैक है। यह उनकी फिल्मों के पिछले संदर्भों को बनाता है। यह भी संकेत देता है कि फिल्म 1960 के दशक में सेट की जाएगी। यह फिल्म रणवीर के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उनकी पिछली दो फिल्में, '83' और 'जयेशभाई जोरदार' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं। साथ ही रणवीर के पास करण जौहर निर्देशित 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' भी है, जिसमें वह धर्मेंद्र, 'गली बॉय' की सह-कलाकार आलिया भट्ट, जया बच्चन और शबाना आजमी के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



# 'सलाम वेंकी ' जीवन का उत्सव काजोल

**मुंबई (भाषा) ।** अभिनेत्री काजोल का कहना है कि डर को जिंदगी का जश्न मनाने की भावना पर हावी नहीं होना चाहिए और उनकी आगामी फिल्म 'सलाम वेंकी' इसी नजरिए के महत्व के बारे में है। काजोल शुरू में इस फिल्म में काम करने को लेकर तैयार नहीं थीं, लेकिन आखिरकार उन्होंने इसमें काम करने के लिए हामी भरी।'सलाम वेंकी' का निर्देशन रेवती ने किया है। यह फिल्म युवा शतरंज खिलाड़ी कोलावेन्नू वेंकटेश की सच्ची कहानी से प्रेरित है, जिन्हें मांसपेशियों से संबंधित ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) नामक बीमारी थी। कोलावेन्नू वेंकटेश की 2004 में मौत हो गयी थी।

दो बच्चों की मां काजोल का कहना है कि

■ यह फिल्म युवा शतरंज खिलाड़ी कोलावेन्नू वेंकटेश की सच्ची कहानी से प्रेरित है, जिन्हें मांसपेशियों से संबंधित ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) नामक बीमारी थी। कोलावेन्नू वेंकटेश की 2004 में मौत हो गयी थी

'सलाम वेंकी' में काम करने के दौरान वह कई बार इतनी भावुक हुईं कि उन्होंने अधिकांश दृश्यों को ग्लिसरीन की मदद के बिना ही शूट किया। काजोल ने 'कहा, 'यह उस तरह की फिल्म नहीं है जिसे आप कभी भी इसकी विषय-वस्तु को महसूस किए बिना कर सकते हैं। मुझे यकीन नहीं था कि मैं यह फिल्म करना चाहती हूं क्योंकि यह एक ऐसा विषय है जो हर किसी के लिए एक बुरे सपने जैसा है। मेरे लिए इसके लिए हां कहना बेहद मुश्किल था।' काजोल (48) ने कहा, ' रेवती के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उन्होंने फिल्म में हमारे लिए काम करना बेहद आसान बना दिया, क्योंकि हम दिन भर शूटिंग के दौरान एक ही प्रकार की मनोस्थिति में रहते थे। इसके अलावा 'सलाम वेंकी' की पटकथा को बहुत खूबसूरती से लिखा गया है। यह जीवन का उत्सव है और फिल्म आपको सिखाती है कि जीवन एक उत्सव होना चाहिए। '

ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक अनुवांशिक विकार है जो कंकाल और दिल की मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है और समय के साथ स्थिति बिगड़ती जाती है। वेंकटेश की मृत्यु ने देश में इच्छामृत्यु के बारे में एक बहस छेड़ दी थी। इच्छामृत्यु पर उनके विचारों के बारे में पूछे जाने पर काजोल ने 'सलाम वेंकी' के एक संवाद का उल्लेख करते हुए कहा, 'किसी को भी सम्मान के साथ जीने और मरने का अधिकार है।' अभिनेत्री ने कहा, ' मैं इसे लेकर दो राय में हूं, किसी और वजह से नहीं, बल्कि इसलिए कि हम इंसानियत को जानते हैं और ऐसे बहुत से लोग हैं जो इस तरह के कानून का फायदा उठा सकते हैं। यह निश्चित रूप से विचारणीय बात है।'थियेटर में नौ दिसंबर को दस्तक देने जा रही 'सलाम वेंकी' का निर्माण बीएलआईवीई प्रोडक्शंस और आरटीएकेई स्टूडियोज के बैनर तले सूरज सिंह, श्रद्धा अग्रवाल और वर्षा कुकरेजा ने किया है।

# यामी गौतम ने IFFI में 'लॉस्ट' स्क्रीनिंग के बारे में की बात



**मुंबई (आईएएनएस)।** 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के बाद, अनिरुद्ध रॉय चौधरी निर्देशित 'लॉस्ट' डिजिटल माध्यम पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यामी गौतम, जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, ने 'लॉस्ट' के बारे में बात की। यामी ने 'चांद के पार चलो' और 'ये प्यार ना होगा कम' जैसे टीवी शो में काम किया है और 'विक्की डोनर', 'बदलापुर' और 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी फिल्मों में नजर आईं।

अभिनेत्री का कहना है कि 'लॉस्ट' मेरे लिए एक विशेष अनुभव था, और मैं यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही थी कि दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देने वाले हैं। मैं रिलीज का बिल्कुल इंतजार नहीं कर सकती।' निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी, जिन्हें अमिताभ बच्चन और तापसी पन्नू स्टारर 'पिंक' के लिए जाना जाता है, ने भी अपनी फिल्म के बारे में बात की, जो उनके जीवन में देखी गई कई घटनाओं से प्रेरित है। आईएफएफआई में फिल्म को मिली प्रतिक्रिया से वह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, 'अपनी मेहनत के फल को प्यार करते हुए देखना हमेशा एक जादुई क्षण होता है। आईएफएफआई में स्क्रीनिंग वास्तव में मेरे लिए एक अनुभव था।'

'लॉस्ट' एक युवा क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक थिएटर एक्टिविस्ट के अचानक गायब होने के पीछे के रहस्य को खोजने की कोशिश करता है।जी स्टूडियोज और नमह पिक्च र्स द्वारा निर्मित, 'लॉस्ट' में पंकज कपूर, राहुल खन्ना, नील भूपलम, पिया बाजपेयी और तुषार पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पटकथा श्यामल सेनगुप्ता द्वारा लिखी गई है, संवाद रितेश शाह द्वारा और कहानी अनिरुद्ध रॉय चौधरी और श्यामल सेनगुप्ता द्वारा लिखी गई है। 'लॉस्ट' का प्रीमियर जल्द ही जी5 पर होगा।

# 'अच्छे कंटेंट के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है' : निथ्या


**मुंबई (आईएएनएस)।** अपने पहले सीजन में दर्शकों को बांधे रखने के दो साल बाद 'ब्रीदः इनटू द शैडोज सीजन 2' एक बार फिर चर्चा में है। 9 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई इस मनोवैज्ञानिक क्राइम थ्रिलर ने अब तक 8.9/10 की प्रभावशाली आईएमडीबी रेटिंग हासिल की है। सीजन 2 डबल एक्शन, सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है , जो आकर्षक कहानी और कलाकारों की टुकड़ी के प्रदर्शन के साथ छाया हुआ है। सीजन 2 में अधिकांश कलाकार अपने पात्रों के बारे में मुखर रहे हैं; अब, दक्षिण भारतीय बहुभाषी स्टार निथ्या मेनन, जो आभा सभरवाल के रूप में अपनी भूमिका को दोहराती हैं, ने फ्रैंचाइजी की दूसरी किस्त पर अपने विचार साझा किए।



मेनन ने कहा, 'सबसे पहले, मैं ब्रीद फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने और सेट पर बेहद प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने के लिए खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। मैं कुछ सालों से टीम का हिस्सा हूं और 'ब्रीदः इनटू द शैडोज' की पहली किस्त निस्संदेह एक विशेष अनुभव था।' दुनिया भर के दर्शकों ने अपार प्यार और प्रशंसा की बौछार की, लेकिन जब हम इसे पूरी तरह से सोख रहे थे, तो सीक्वल को और भी बेहतर बनाने का दबाव कुछ ऐसा था जिस पर हमारा पूरा ध्यान था, क्योंकि अच्छे कंटेंट के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है।

# अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म को लेकर रामचरण ने किया खुलासा

**हैदराबाद (आईएएनएस)।** टॉलीवुड स्टार राम चरण, जो एस.एस. राजामौली की मल्टी-स्टारर 'आरआरआर' की वजह से आज घर घर में फेमस हो गए हैं, एक और अखिल भारतीय परियोजना के साथ वापस आ रहे हैं। सोमवार को घोषित की गई अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना करेंगे, इसका खुलासा सुपरस्टार रामचरण ने किया। सूत्रों के अनुसार, युवा निर्देशक ने एक शक्ति शाली स्क्रिप्ट तैयार की है, जिसमें इसे अखिल भारतीय मनोरंजन बनाने के लिए सार्वभौमिक अपील है। अग्रणी प्रोडक्शन हाउस मिथ्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रस्तुत फिल्म को वृद्धि सिनेमाज और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले बड़े बजट के साथ बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा, जो 'पुष्पा' के निर्देशक सुकुमार की कंपनी है। 2007 में पुरी जगन्नाथ की 'चिरुता' के साथ अपनी शुरूआत करने के बाद से यह आगामी फिल्म राम चरण की 16वीं फिल्म होगी। अभी वह शंकर द्वारा निर्देशित अपनी 15वीं फिल्म के साथ व्यस्त हैं। राम चरण टॉलीवुड मेगा स्टार चिरंजीवी के बेटे हैं। आगामी फिल्म के निर्माता अभी भी अन्य कलाकारों और क्रू के नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।



2007 में पुरी जगन्नाथ की 'चिरुता' के साथ अपनी शुरूआत करने के बाद से यह आगामी फिल्म राम चरण की 16वीं फिल्म होगी

## गुजरात में आज शाम थम जाएगा पहले चरण का प्रचार अभियान

**गांधीनगर, (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक दिसंबर को 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार, 29 नवंबर की शाम पांच बजे थम जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी भारती ने सोमवार को बताया कि पहले चरण में एक दिसंबर को 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कुल 788 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं।

राज्य में कच्छ की (06), सुरेंद्रनगर की (05), मोरबी (03), राजकोट (08), जामनगर (05), देवभूमि द्वारका (02), पोरबंदर (02), जूनागढ़ (05), गिर सोमनाथ (04), अमरेली (05), भावनगर (07), बोटाद (02) , नर्मदा (02) , भरूच (05), सूरत (16) , तापी (02), डांग (01), नवसारी (04) और वलसाड की (05) सीटों कुल 89 सीटों के लिए 19 जिलों में पहले चरण में 2,39,76,670 मतदाता हैं, जिनमें 1,24,33,362 पुरुष, 1,15,42,811 महिलाएं और 497 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार बंद करने के नियम के तहत मंगलवार शाम पांच बजे यह बंद हो जाएगा। इसके बाद कोई

### एक दिसंबर को 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 788 प्रत्याशी मैदान में

अनधिकृत बाहरी व्यक्ति भी चुनाव वाले क्षेत्रों में नहीं रहेगा। मतदान एक दिसंबर को सुबह आठ बजे से पांच बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 नवंबर के बाद कई दिग्गजों समेत अब कुल 788 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 70 महिलाएं और 718 पुरुष हैं। दलों की कुल संख्या 39 है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा ने नौ महिलाएं और 80 पुरुष, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने छह महिलाएं सहित कुल 89 सभी सीटों पर, आम आदमी पार्टी (आप) ने 88, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 57 और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल- मुस्लिमीन ने छह सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। जबकि 339 निर्दलीय प्रत्याशी में 35 महिलाएं और 304 पुरुष शामिल हैं। पहले चरण के लिए अधिसूचना पांच नवंबर को जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गयी थी। पांच नवंबर से शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 14 नवंबर अंतिम दिन तक कुल 1362 उम्मीदवार नामांकन कर चुके थे। 16 नवंबर को कुल 363 पर्चे जांच के दौरान रद्द हो गए थे और 999 नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक विभिन्न दलों के डमी उम्मीदवारों समेत 211 ने नामांकन वापस ले लिए थे और कुल 788 प्रत्याशी मैदान में रह गए है।

### पीएम मोदी ने भावनगर में बोला कांग्रेस पर हमला, कहा

## विपक्ष की विचारधारा फूट डालो और राज करो

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में चुनाव के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने भावनगर के पलिताना में जनसभा की और कांग्रेस पर कई बार हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता के लिए देशी रियासतों को एक करने का भार उठाया, लेकिन कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा 'फूट डालो और राज करो' है।



पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें जातिवाद, भेदभाव को छोड़ना होगा नहीं तो लोग उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। इसके अलावा उन्होंने मेधा पाटकर और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि गुजरात की जनता उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगी जो उनके कंधे पर हाथ रखकर कदम से कदम मिला कर तस्वीरें खिंचवाते हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे एक महाराज कृष्ण कुमार सिंह, मेरे गोहिलवाड़ ने देश के बारे में सोचा और देश की एकता के लिए इस राजपाट को मां भारती के चरणों में समर्पित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एकता नगर में जहां सरदार साहब की मूर्ति है, वहां राजघरानों का संग्रहालय बनाने का काम चल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि गुजरात का गांव हो या शहर, एकता का माहौल आज गुजरात की फितरत बन गया है। हमारा मंत्र शांति, एकता और सद्भावना है और आज गुजरात की प्रगति वहां हमारी एकता पर आधारित है।

### काफी समय से फर्जीवाड़ा कर रहे आरोपी के सियासी क्नेक्शन की हो रही है जांच

## दिल्ली: असली ने नकली सीबीआई अफसर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने दिल्ली स्थित तमिलनाडु भवन से एक फर्जी सीबीआई अफसर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को सीबीआई मुख्यालय में कार्यरत रहा सीनियर और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बताता था।

सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए नकली सीबीआई अधिकारी का नाम कॉमिरेड्डी श्रीनिवास है, जो मूल रूप से आंध्र प्रदेश का है। आरोपी का आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के राजनीतिक गलियारों और वहां की ब्यूरोक्रेसी में अच्छी पकड़ है। आरोपी इसका दुरुपयोग पिछले काफी समय से फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए करता रहा है और लाखों-करोड़ों रुपए की डील की बात सामने आई है।

**कार सहित महत्वपूर्ण दस्तावेजों और सामान जब्त :** आरोपी की पड़ताल करने और तलाश में सीबीआई टीम रविवार रात दिल्ली स्थित तमिलनाडु भवन पहुंची थी। इस दौरान आरोपी तीसरे फ्लोर पर मोबाइल से किसी अन्य शख्स से बातचीत कर रहा था। तमाम कानूनी औपचारिकता को पूरा करने के बाद आरोपी और उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी ने अपने मोबाइल फोन और वाट्सएप प्रोफाइल पिक्चर पर सीबीआई और आईपीएस का




लोगो लगा रखा था। सीबीआई ने नकली आईपीएस और उसकी कार सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और सामान को जब्त किया है।

**तेलंगाना के मंत्री के संपर्क में था ये नकली सीबीआई अधिकारी :** सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, कॉमिरेड्डी श्रीनिवास पिछले काफी समय से कई बड़े राजनेताओं के संपर्क में था। ये अपने पावर के बारे में उन्हें बताता रहता था। साथ ही सीबीआई, ईडी में कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बेहद करीबी रिश्ता होने का झूठा दम भरता था। सीबीआई सूत्र की अगर मानें तो आरोपी तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की टीआरएस सरकार के कई मंत्रियों और नेताओं के संपर्क में था और उनके लिए काम करता था। तेलंगाना सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री और करीमनगर विधानसभा इलाके से विधायक गंगुला कमलाकर के साथ भी ये आरोपी कॉमिरेड्डी श्रीनिवास जुड़ा हुआ था। संभावना ये जताई जा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा ग्रेनाइट व्यापार और माइनिंग से जुड़ी अनियमितताओं की तफ्तीश के दौरान कई लोकेशन पर छापेमारी के बाद आगे होने वाली कार्रवाई से राहत दिलाने के लिए आरोपी सेटिंग कर रहा था। हालांकि, इस मामले में मंत्री गंगुला कमलाकर के तरफ से कोई औपचारिक तौर पर बयान नहीं आया है।

### घूस में गोल्ड लेने संबंधित मामले की पड़ताल में जुटी टीम

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, आरोपी श्रीनिवास को रविवार शाम में हिरासत में लेने के बाद सोमवार सुबह उसके हैदराबाद स्थित आवास सहित अन्य लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दरअसल, सीबीआई की टीम दिल्ली स्थित तमिलनाडु भवन में इस आरोपी के खिलाफ जब जांच कर रही थी, उसी वक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान काफी गोल्ड बरामद किया गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि ये घूस के तौर पर दिया गया है।

### सशस्त्र सेना दिवस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा यहां आयोजित सशस्त्र सेना ध्वज दिवस 'सीएसआर' सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रित परिजनों के पुनर्वास तथा कल्याण की दिशा में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया जाएगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कोष की एक नई वेबसाइट की भी शुरुआत करेंगे। यह नई वेबसाइट परस्पर संवाद और उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोगी साबित होगी। और इस पर ऑन-लाइन योगदान को प्रोत्साहित किया जायेगा। इस अवसर पर श्री सिंह सशस्त्र सेना ध्वज दिवस के लिए इस वर्ष के प्रचार अभियान का गीत भी जारी करेंगे और कोष में योगदान करने वाले प्रमुख लोगों को सम्मानित भी करेंगे।

### अमेरिका के मेरीलैंड में हादसे के बाद बिजली के तारों में फंसा विमान, कोई हताहत नहीं

**गैथर्सबर्ग (अमेरिका), (एजेंसी)।** अमेरिका के मेरीलैंड काउंटी में रविवार शाम एक छोटा विमान बिजली के तारों में फंस गया। हालांकि हादसे में विमान में सवार दो यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों द्वारा विमान को निकालने के दौरान आसपास के इलाकों में बिजली कटौती करनी पड़ी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक बयान में कहा कि एक इंजन वाला विमान, जो व्हाइट प्लेन्स, एनवाई से रवाना हुआ था, रविवार शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट पर गैथर्सबर्ग में मोंटगोमरी काउंटी एयरपार्क के पास बिजली के तारों में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए ने कहा कि विमान में दो लोग सवार थे।

### भुवनेश्वर में अनोखा प्रदर्शन



भुवनेश्वर में सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे प्रदर्शन के दौरान विभिन्न यूनियनों के कार्यकर्ता महात्मा गांधी मार्ग पर सुबह दरी और कंबल लेकर सड़क पर लेट गए और मांगे पूरी न होने तक प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

### बसवराज बोम्मई 30 नवंबर को करेंगे दिल्ली का दौरा

**मैसूर, (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 30 नवंबर को आने वाले महाराष्ट्र सीमा विवाद के संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के साथ चर्चा करने नई दिल्ली का दौरा करेंगे। 30 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सीमा मुद्दे पर सुनवाई है। इसलिए, मामले से संबंधित अपने अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के साथ चर्चा करेंगे। उनके पास पहले से ही जानकारी है और इस मामले को कैसे प्रस्तुत किया जाए। आगे की चर्चा दिल्ली में होगी। सीमा विवाद को लेकर महाराष्ट्र और कर्नाटक के राज्यपालों की बैठक में श्री बोम्मई ने कहा कि राज्यपाल अलग-अलग उद्देश्यों के लिए मिले हैं।

### सोमालिया के होटल में धमाका, चार की मौत

**मोगादिशु, (एजेंसी)।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक प्रसिद्ध होटल पर आतंकवादी हमले में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। बीबीसी द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चश्मदीदों ने बीबीसी को बताया कि उन्होंने रविवार रात राष्ट्रपति भवन के पास विला रोज होटल से कई धमाकों और गोलीबारी की आवाज सुनीं। सुरक्षा बल स्थिति से निपटने के लिए संघर्ष करते रहे। अल कायदा से जुड़े समूह अल-शबाब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

### आज का इतिहास

- 1516 : फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने फ्रेईबर्ग के शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- 1759 : दिल्ली के बादशाह आलमगीर द्वितीय की हत्या।
- 1775 : सर जेम्स जे ने अदृश्य स्याही का अविष्कार किया।
- 1830 : पोलैंड में रूस के शासन के खिलाफ नवंबर विद्रोह शुरु हुआ।
- 1870 : ब्रिटेन में आवश्यक शिक्षा कानून लागू हुआ।
- 1889 : बेंगलूरु के लालबाग गार्डन में 'ग्लास हाउस' की आधारशिला रखी गई।
- 1916 : अमेरिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक में मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की।
- 1944 : अलबानिया को नाजी कब्जे से छुड़ाया गया।
- 1947 : भारतीय उपमहाद्वीप का विभाजन होने पर निज़ाम ने भारत में शामिल होने की अपेक्षा स्वतंत्र रहना चाहा।

### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी से दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे में महामारी से दो मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 5,30,614 पहुंच गया है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.90 करोड़ से अधिक टीके दिए जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 291 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की संख्या 4,46,71,853 तक पहुंच गई है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना महामारी से 429 लोगों के मुक्त होने से स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,36,116 हो गयी हैं। और स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। मृत्युदर 1.19 फीसदी पर बरकरार है। देश के तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना सक्रिय मामले में वृद्धि हुई है। बाकी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सक्रिय मामलों में कमी आयी है। केरल में 20 सक्रिय मामलों के घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,745 रह गई है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,52,798 हो गई है और इसी अवधि में मतृकों का आंकड़ा 71,492 हो गया है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार का किया लोकार्पण



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** सोमवार को मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार का लोकार्पण वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मिर्जापुर क्षेत्र और मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि द्वितीय प्रवेश द्वार मिर्जापुर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसका शिलान्यास उनके पहले कार्यकाल में उन्होंने किया था और आज वे अपने दूसरे कार्यकाल में उसका लोकार्पण कर बहुत ही प्रसन्नता महसूस कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा की लगभग 3.2 करोड़ की लागत से नवनिर्मित द्वितीय प्रवेश द्वार के चालू हो जाने से मिर्जापुर रेलवे स्टेशन दिल्ली - वाराणसी हाईवे से सीधे तौर पर जुड़ गया है और हाईवे से ट्रेन पकड़ने आने वाले यात्री इस नवनिर्मित द्वितीय प्रवेश द्वार से सीधे स्टेशन पर प्रवेश कर सकेंगे और उन्हें शहर की भीड़ में होकर नहीं जाना पड़ेगा।

## चीन में लॉकडाउन के खिलाफ लोगों का विरोध प्रदर्शन तेज

### राष्ट्रपति जिनपिंग से मांगा इस्तीफा कोविड के मामले फिर बढ़े

**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का दायरा राजधानी बीजिंग तक फैल गया है। इस बीच, चीन में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और रविवार को करीब 40,000 नए मामले सामने आए। लगातार पांचवें दिन बीजिंग में कोरोना वायरस के करीब 4,000 मामले सामने आए हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि सोमवार को संक्रमण के 39,452 नए मामले आए, जिनमें 36,304 स्थानीय मामलों में मरीजों में बीमारी के लक्षण नहीं देखे गए।

**बीजिंग में हुआ विरोध प्रदर्शन:** इस बीच, सप्ताहांत के दौरान पूर्वी महानगर शंघाई में शुरू हुए प्रदर्शन बीजिंग तक फैल गए, जहां मध्य शहर में लियांगमाहे नदी के समीप सोमवार शाम को सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। शंघाई के उरुमकी में बृहस्पतिवार को लॉकडाउन के दौरान एक अपार्टमेंट में आग लग जाने की घटना में मारे गए लोगों की याद में मोमबत्तियां लिए हुए लोगों ने सरकार



द्वारा मनमाने लॉकडाउन के खिलाफ और शंघाई में प्रदर्शनों के प्रति एकजुटता जताते हुए नारे लगाए। कई राजनयिकों और विदेशियों ने प्रदर्शन देखा, क्योंकि ये प्रदर्शन बीजिंग में राजनयिक आवासीय परिसर के समीप हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शन कई घंटे तक हुए और पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया।

**राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मांगा इस्तीफा:** शंघाई में शनिवार और रविवार को प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा देने की मांग की। बीजिंग में प्रतिष्ठित सिंघुआ विश्वविद्यालय और नानजिंग में कम्यूनिकेशन यूनिवर्सिटी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किया।

## इटली के इस्चिया द्वीप पर भूस्खलन से नवजात समेत सात लोगों की मौत

### 30 से ज्यादा घर हुए जलमग्न, 200 से अधिक लोग विस्थापित

**मिलान, (एजेंसी)।** इटली के इस्चिया द्वीप पर हुए भूस्खलन के बाद बचाव दल ने मिट्टी के मलबे में दबे हुए सात शवों को बाहर निकाला है, जिसमें तीन सप्ताह का एक नवजात भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि नेपल्स प्रीफेक्ट ने पुष्टि की है कि शनिवार तड़के कासामिक्किओला में हुए व्यापक भूस्खलन के बाद पांच लोग अब भी लापता हैं, जिनके मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है। भूस्खलन के चलते इमारतें ढह गईं और समुद्र किनारे खड़ी गाड़ियां बह गईं, जिसमें अब तक सात शवों को बाहर निकाला जा चुका है।

भूस्खलन में मारे गए सात पीड़ितों की पहचान मृतक नवजात, उसके माता-पिता, एक पांच वर्षीय लड़की और उसके 11 वर्षीय भाई, द्वीप पर रहने वाले 31 वर्षीय एक व्यक्ति और बुल्गेरियाई पर्यटक के रूप में की गई। इतालवी अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता लुका कैरी ने आरएआई स्टेट टीवी को बताया कि कीचड़ और पानी हर जगह भरा है। हमारी टीमें उम्मीद के साथ खोज कर रही हैं, भले ही यह बहुत कठिन है। भूस्खलन के बाद छोटे बुलडोजरों ने पहले सड़कों को साफ किया, जिससे बचाव के लिए जा रहे वाहनों को निकलने के लिए रास्ता साफ हो सके। जबकि गोताखोरों के दल को उन कारों की जांच के लिए लगाया गया जो समुद्र में बह गई थीं। पड़ोसी शहर लैको एमेनो के मेयर गियाकोमो पास्कले ने आरएआई को बताया कि हम दुखी मन के साथ खोज जारी रखे हुए हैं, लापता लोगों में नाबालिग भी हैं। नेपल्स प्रीफेक्ट क्लाउडियो पालोम्बा ने कहा कि 30 घर जलमग्न हो गए हैं और 200 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, वहीं पांच लोग घायल हैं।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने जटाशंकर गुरुद्वारे में जाकर किया श्री गुरु गंथ साहिब को नमन

**गोरखपुर, (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनपद गोरखपुर में गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस पर जटाशंकर गुरुद्वारे में जाकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन किया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के त्याग और बलिदान से भारत आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज गुरु तेग बहादुर जी का 347वां पावन शहीद दिवस है। आज ही के दिन 347 वर्ष पूर्व भारत को क्रूर हाथों से मुक्त कराने के लिए गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था। उस काल खंड में क्रूरता और बर्बरता के खिलाफ गुरु तेग बहादुर जी ने मजबूती के साथ आवाज उठाई थी। उनका बलिदान कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिये था। गुरु तेग बहादुर जी को बलिदान के लिए प्रेरित करने वाले उनके पुत्र दशम सिख गुरु, गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास है।

## महाप्रबंधक सतीश कुमार ने की स्टेशन के पुनर्विकास योजना की समीक्षा

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** महाप्रबंधक सतीश कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों, प्रयागराज डिवीजन और मुख्यालय के अधिकारियों की टीम के साथ स्टेशन पुनर्विकास योजना की समीक्षा की।



बैठक के दौरान पुनर्विकास योजना के अंतर्गत प्रयागराज स्टेशन पर मुख्यतः स्टेशन बिल्डिंग, कोंकोर्स, स्काई वाक, एफओबी के साथ रैंप की सुविधा, स्टेशन के लिए स्थान की उपलब्धता तथा लिफ्ट एवं एस्केलेटर्स आदि कार्यों की रूपरेखा की समीक्षा की गई। इस कार्य ईपीसी निविदा 08.08.2022 को खोली गई। इसकी कुल लागत 789.94 करोड़ रुपए है। महाप्रबंधक ने कुंभ 2025 के दृष्टिगत संबंधित पुनर्विकास संबंधी कार्यों को समय से एवं प्रभावी तरीके से पूर्ण कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रयागराज जंक्शन के लिए प्रस्तावित योजना के तहत माघ, कुंभ और महाकुंभ मेला अवधि के दौरान तीर्थयात्रियों के यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक सुविधा पर विशेष ध्यान जाएगा।

## उत्तर मध्य रेलवे ने ऑल इंडिया रेलवे वेटलिफ्टिंग महिला टीम चैंपियनशिप 2022-23 जीती

### दो-स्वर्ण, पांच-रजत, एक-कांस्य जीता



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** उत्तर मध्य रेलवे ने मुंबई में आयोजित 69वें पुरुष और 8वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारोत्तोलन चैंपियनशिप में आठ पदक जीते। उत्तर मध्य रेलवे ने 226 अंकों के साथ चैंपियनशिप जीती, जबकि पश्चिम रेलवे ने 224 अंकों के साथ दूसरा और मध्य रेलवे ने 218 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तर मध्य रेलवे की कुल पदक तालिका 2 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य है। कोमल कोहार ने-45 किग्रा में स्वर्ण, अरोकिया एलिस ने 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण हासिल किया। जबकि गौरी पांडे ने 55 किग्रा, मोहिनी ने 59 किग्रा, एन. सुमनबाला ने 64 किग्रा, प्रीति रानी ने 71 किग्रा, मुन्नी ने 87 किग्रा में रजत पदक हासिल किया। बी. उषा ने कांस्य पदक जीता। कोमल कोहार को सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक का पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में पी. प्रभाकरन ने 81 किग्रा और विशाल सोलंकी ने 105 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इन सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार से उनके कार्यालय में भेंट कर उपलब्धियों से अवगत कराया।

# एक ओवर में लगातार सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने गायकवाड़

## महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए दोहरा शतक भी जड़ा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश के खिलाफ एक ओवर में सात छक्के जड़कर लिस्ट-ए क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। गायकवाड़ ने शिवा सिंह द्वारा फेंके गए 49वें ओवर में यह कीर्तिमान रचा। इस ओवर की पांचवीं गेंद नो बॉल होने के कारण शिवा को कुल सात गेंदें फेंकनी पड़ीं। गायकवाड़ ने सभी गेंदों पर छक्के लगाकर ओवर में कुल 43 रन जोड़े। गायकवाड़ इसी के साथ सीमित ओवर क्रिकेट में एक ओवर में लगातार सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में एक ओवर में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ली जर्मोन के पास है, जिन्होंने एक ओवर में




आठ छक्के मारे थे। न्यूजीलैंड घरेलू क्रिकेट के 1989-90 सीजन के दौरान प्रथम श्रेणी मैच के इस ओवर में 17 नो बॉल शामिल थीं और पूरे ओवर में कुल 77 रन बने थे। केवल चार खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के मारने की उपलब्धि हासिल की है। इनम हर्शल गिब्स, युवराज सिंह, कीरोन पोलार्ड और जसकरन मल्होत्रा का नाम शामिल है। गायकवाड़ न महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए उन्होंने 159 गेंदों पर 10 चौकों और 16 छक्कों की बदौलत नाबाद 220 रन बनाए।

- गायकवाड़ ने एक ओवर में 43 रन बना कर लिस्ट ए इतिहास की सबसे ज्यादा रन के ओवर की बराबरी कर ली। इससे पहले 2018 में न्यूजीलैंड के घरेलू 50 ओवर के खेल में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट हैम्पटन और जो कार्टर ने भी एक ओवर में 43 रन जोड़े थे।
- ऋतुराज गायकवाड़ रोहित शर्मा और एन जगदीशन के बाद एक इनिंग में 16 छक्के जड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

### विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले तय

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र, असम, कर्नाटक और सौराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी 2023 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। विजय हजारे ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल कर्नाटक और सौराष्ट्र के बीच जबकि दूसरा सेमीफाइनल महाराष्ट्र और असम के बीच खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल मैच 30 नवंबर को गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होंगे। पहले क्वॉर्टर फाइनल में कर्नाटक ने पंजाब को चार विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम ने 50 ओवर में 235 रन बनाए। पंजाब की तरफ से खेलते हुए अभिषेक शर्मा (109 रन) ने शतकीय पारी खेली। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, कर्नाटक की टीम ने 6 विकेट पर 238 रन बनाकर मैच जीत लिया। समर्थ (71 रन) और श्रेयस गोपाल ने 42 रन की पारी खेली। दूसरे क्वॉर्टर फाइनल में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 58 रन से हराया। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (220 रन) के दोहरे शतक से पांच विकेट पर 330 रन बनाए इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम आर्यन जुयाल की 1159 रन की पारी के बावजूद 47.4 ओवर में 272 रन पर ढेर हो गई। तीसरे क्वॉर्टर फाइनल में असम ने जम्मू कश्मीर को सात विकेट से हराया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 350 रन बनाए। असम ने रियान पराग (174) और दास (114) ने 277 रन की साझेदारी टीम को संभाला और जीत तक पहुंचाया । चौथे क्वॉर्टर फाइनल में सौराष्ट्र ने तमिलनाडु को 44 रन से हराया सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 293 रन बनाए। इसके जवाब में तमिलनाडु की टीम 48 ओवर में 249 रन पर सिमट गई।

# राउंड ऑफ-16 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी ब्राजील

## फीफा विश्वकप: कैसेमीरो के गोल की बदौलत स्विट्जरलैंड को 1-0 से हराया

**दोहा।** ब्राजील की टीम फीफा विश्वकप 2022 ग्रुप-जी के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-0 हराकर राउंड ऑफ-16 के लिए क्वॉलीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले फ्रांस प्री-क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर चुका हैं।

हाफ-टाइम तक ब्राजील और स्विटजरलैंड की टीम कोई गोल नहीं कर सकी है। मैच का एकमात्र गोल कैसेमीरो ने 83वें मिनट में किया। स्विटजरलैंड का अगला मुकाबला दो दिसंबर को सर्बिया से है। वहीं, ब्राजील की टीम इसी दिन कैमरून से भिड़ेगी। ब्राजील के दो मैचों में छह अंक हैं। वहीं, स्विटजरलैंड के इतने ही मैचों में तीन अंक हैं। ब्राजील ने विश्वकप में अपने पिछले 10 गोल दूसरे हाफ में ही दागे हैं। ब्राजील ने 13 अटेम्प्ट किया। इसमें से पांच ऑन टारगेट रहे। हालांकि, ब्राजील की टीम सिर्फ एक गोल कर सकी। ब्राजील का बॉल पजेशन 54 प्रतिशत रहा है। वहीं, स्विट्जरलैंड की टीम ने सिर्फ छह शॉट अटेम्प्ट किए। हालांकि, उनका कोई शॉट ऑन टारगेट नहीं रहा। स्विटजरलैंड का बॉल पजेशन 46 प्रतिशत रहा।




### कैमरून और सर्बिया का मैच 3-3 से ड्रॉ



कैमरून और सर्बिया का मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ। इस मैच ने चार बार करवट बदली, लेकिन अंत में कोई टीम विजेता नहीं साबित हुई। कैमरून ने मैच का पहला गोल कर मैच में 1-0 की बढ़त बनाई, लेकिन पहले हाफ के अंत में सर्बिया ने दो मिनट के अंतराल में दो गोल कर 2-1 की बराबरी कर ली। दूसरे हाफ की शुरुआत में सर्बिया ने एक और गोल किया और 3-1 से आगे हो गई। इसके बाद कैमरून ने 64वें और 66वें मिनट में गोल कर 3-3 की बराबरी कर ली। इसके बाद मैच में कोई गोल नहीं हो सका और मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ। सर्बिया के लिए इस मैच में स्त्रहिंजा पैवलोविच, सेरगेज मिलिनकोविच और एलेक्संदर मित्रोविच ने गोल किया। वहीं, कैमरून के लिए जेन चार्ल्स, विनसेंट अबोबकर और इरिक मैक्सिम ने गोल किया। अब दोनों टीमों के पास दो मैच के बाद एक-एक अंक है और दोनों ही टीमें विश्व कप से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इस ग्रुप से ब्राजील और स्विटजरलैंड की टीम अगले दौर में पहुंचने की प्रबल दावेदार हैं।

### राउंड ऑफ-16 के लिए जर्मनी की उम्मीदें कायम

**दोहा ।** फीफा विश्वकप 2022 में स्पेन के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ कराने के बाद जर्मनी ने राउंड ऑफ-16 के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। मुकाबले में एक समय जर्मनी 0-1 से पिछड़ी हुई थी और उसके लिए अगले राउंड के रास्ते मुश्किल होते नजर आ रहे थे, लेकिन आखिरी बचे कुछ मिनटों में निकलस फुलक्रग के गोल ने जर्मनी को मैच के साथ-साथ टूर्नामेंट में भी वापसी करा दी। जर्मनी ने अपना पहला मैच जापान के खिलाफ 1-2 से गंवा दिया दिया था। ग्रुप-ई में स्पेन की टीम 4 अंक के साथ नंबर-1 पर है। यहां जापान और कोस्टारिका के खाते में बराबर (3-3) अंक है। वहीं, जर्मनी के हिस्से अब तक एक अंक आया है। टॉप-2 टीमों का फैसला ग्रुप के आखिरी दो मैचों में ही निकलेगा। आखिरी मुकाबलों में स्पेन की भिड़ंत जापान और जर्मनी की भिड़ंत कोस्टारिका से होगी। मैच की शुरुआत में स्पेन पूरी तरह भारी नजर आई। ज्यादातर वक्त बॉल स्पेनिश खिलाड़ियों के पैरों के सामने नाचती दिखी। पहले हाफ में स्पेन ने कुछ अच्छे मौके भी बनाए। हालांकि यह मौके गोल में तब्दील नहीं हो सके। दूसरे हाफ में अलवरो मोराटा ने 62वें मिनट में गोल कर स्पेन को बढ़त दिलाई। यहां से जर्मनी की फारवर्ड लाइन ज्यादा एक्टिव हुई और एक के बाद एक ताबड़तोड़ हमले किए। 83वें मिनट में जर्मन स्ट्राइकर निकलस फुलक्रग ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा।



# कुद्दूस के दो गोल की मदद से जीता घाना

## फीफा विश्वकप: दक्षिण कोरिया हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर

**अल रैयान (एजेंसी)।** फीफा रैंकिंग में 61वें नबंर की टीम घाना ने मोहम्मद कुद्दूस के दो गोलों की बदौलत सोमवार को फीफा विश्वकप 2022 के रोमांचक ग्रुप-एच मुकाबले में 28वें पायदान वाली दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में विजेता टीम के लिए मोहम्मद सालिसू (24वां) और कुद्दूस (34वां, 68वां मिनट) ने गोल किए। चो गुए-सुंग (58वां, 61वां) ने कोरिया के दोनों गोल जमाए। पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद कोरिया गुए-सुंग के गोलों की बदौलत मैच में वापस आ गया था, लेकिन कुद्दूस के गोल ने एक बार फिर घाना को बढ़त दिला दी। इसके बाद कोरिया ने स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस अतिजिगी ने उन्हें एक बार भी कामयाब नहीं होने दिया और अपनी टीम के लिए बहुमूल्य तीन अंक सुनिश्चित किए। मैच के 67वें मिनट में इनाकी विलियम्स बाईं ओर से आये क्रॉस को किक करने से चूक गये, जिसके बाद कुद्दूस ने कोरियाई रक्षण को छकाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया। मैच के आखिरी 20 मिनटों में कोरिया ने पूरी आक्रामकता अपनाई लेकिन अतिजिगी ने शानदार तरीके से गोलपोस्ट की रक्षा की और कोरिया को एक गोल के अंतर से हारना पड़ा। कोरिया दो मैचों में एक ड्रॉ और एक हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि घाना एक जीत और एक हार के साथ ग्रुप-एच में पुर्तगाल के बाद दूसरे स्थान पर है। कोरिया को अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में शुक्रवार को पुर्तगाल का सामना करना है जबकि घाना इसी दिन उरुग्वे का सामना करेगी।



# बांग्लादेश दौरे पर भारत ए की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे सितांशु कोटक

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र के पूर्व कप्तान सितांशु कोटक को दो चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश दौरे पर गई भारत ए टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस सीरीज का पहला मैच मंगलवार से शुरू होगा।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बल्लेबाजी कोच में से एक कोटक को इस दौरे में ट्राय कूली और टी दिलीप मदद करेंगे। दिलीप राष्ट्रीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत के टी20 विश्वकप अभियान के बाद कुछ समय के लिए विश्राम दिया गया था। दिलीप भारत ए टीम के साथ दौरा करेंगे और फिर राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे जो बांग्लादेश के खिलाफ चट्टोग्राम में 14 से 18 दिसंबर और ढाका में 22 से 26 दिसंबर के बीच दो टेस्ट मैच खेलेगी। भारत ए के कोचिंग स्टाफ में बदलाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और उनके सहयोगी स्टाफ के सदस्य ऋषिकेश कानितकर और साइराज बहुतुले अभी भारत की सीनियर टीम के साथ न्यूजीलैंड में हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों के लिए भारत ए टीम इस प्रकार है।

# पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया जारी रखेगी इंग्लैंड

## इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आक्रामक रवैये के साथ खेलना जारी रखेगी। मैकुलम ने पाकिस्तान आने के बाद अपनी पहली संवाददाता सम्मेलन में कहा, घर से दूर जाकर जीतना सबसे बड़ी उपलब्धि है जिसे आप एक टेस्ट खिलाड़ी और एक टेस्ट टीम के रूप में हासिल कर सकते हैं। हम समझते हैं कि हम किस चुनौती का सामना कर रहे हैं, लेकिन यह अच्छा है। आप इसीलिए तो खेलना चाहते हैं। आप आसान चुनौतियां नहीं चाहते हैं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे नहीं पता कि हम सीरीज जीतेंगे या नहीं, लेकिन मैं दावा कर सकता हूं कि जब कप्तान (बेन स्टोक्स) 48 घंटे में यहां आयेंगे तो वह कहेंगे कि सीरीज में कोई ड्रॉ नहीं होगा। इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है और यह बतौर कोच मैकुलम का पहला विदेशी दौरा भी है। मैकुलम-स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना रवैया बदला है, और उन्हें पिछले सात में से छह मुकाबलों में जीत भी मिली है।




### पाक टेस्ट सीरीज की कमाई बाढ़ पीड़ितों को दान करेंगे स्टोक्स

**रावलपिंडी।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान टेस्ट सीरीज की अपनी मैच फीस पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करने की घोषणा की है। स्टोक्स ने सोमवार को ट्वीट किया, साल की शुरुआत में बाढ़ से पाकिस्तान को तबाह होते देखना बहुत दिल का झकझोरने वाला पल था और इससे देश एवं देशवासियों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस खेल ने मुझे जीवन में बहुत कुछ दिया है और इसके बदले में कुछ लौटाना बहुत जरूरी है जो क्रिकेट से भी आगे जाता हो। मैं इस टेस्ट सीरीज की अपनी मैच फीस पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करूंगा। इस साल जून में आई मूसलाधार बारिश पाकिस्तान के इतिहास में सबसे गंभीर बाढ़ का कारण बनी। बाढ़ में 3.3 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जबकि 1700 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी थी।

# एलएलसी का तीसरा सीजन 27 फरवरी से होगा शुरू

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का तीसरा सीजन 27 फरवरी 2023 से 8 मार्च 2023 तक कतर और ओमान में आयोजित होगा। टूर्नामेंट को एलएलसी मास्टर्स कहा जाएगा। टूर्नामेंट में तीन टीमें इंडिया महाराजा, एशिया लायंस और वर्ल्ड जायंट्स हिस्सा लेंगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे सीजन में 85 लीजेंड्स के साथ चार फ्रेंचाइजी-स्वामित्व वाली टीमें थीं और भारत में खेली गई थीं।

इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर हिस्सा लेते है। अन्य क्रिकेट देशों के बीच भारत, एशिया और शेष विश्व का प्रतिनिधित्व करने वाली तीन टीमों में विभाजित होंगी। एलएलसी के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा- लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 2 की सफलता के बाद हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हम एलएलसी मास्टर्स के रूप में वापस आ रहे हैं। हमें कतर और ओमान से निमंत्रण मिला था, इसलिए हम सीजन को दोहा और मस्कट के 2 शहरों में विभाजित करेंगे। लगभग 60 शीर्ष खिलाड़ी आगामी सीजन में खेलेंगे, लेकिन इस बार पिछले फ्रेंचाइजी सीजन के विपरीत, अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अफगानिस्तान ने की वनडे विश्वकप 2023 में जगह पक्की

## बारिश के कारण अफगानिस्तान - श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे रद्द

**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद भारत की मेजबानी में होने वाले पुरुष वनडे विश्वकप 2023 में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच बारिश से धुल जाने के कारण अफगानिस्तान ने विश्वकप सुपर लीग अंकतालिका में अपने खाते में पांच अंक और जोड़े जिससे उसके वर्तमान चक्र की तालिका में कुल 115 अंक हो गए।

अफगानिस्तान अभी वर्तमान तालिका में सातवें स्थान पर है। सुपर लीग के आखिर में चोटी पर रहने वाली आठ टीमों को विश्वकप में सीधे प्रवेश मिलेगा। अफगानिस्तान को जहां पांच अंक मिलने से फायदा हुआ वहीं श्रीलंका के लिए यह परिणाम अनुकूल नहीं रहा। उसकी अब सीधे क्वॉलीफाई करने की उम्मीद क्षीण पड़ गई है। दासुन शनाका की टीम 67 अंकों के साथ दसवें स्थान पर है और शीर्ष आठ में प्रवेश करने की कोशिश करने के लिए उसके पास केवल चार मैच शेष हैं। श्रीलंका, 1996 का एकदिवसीय विश्व कप विजेता, 10 अंक बटोर सकता है और बुधवार को पल्लेकेले में अफगानिस्तान को हराकर मौजूदा सीरीज को ड्रॉ कर सकता है, जो अब दोनों टीमों के लिए एक महत्वपूर्ण मैच है। अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में टूर्नामेंट के 2015 सीजन के माध्यम से पुरुषों के एकदिवसीय विश्वकप में डेब्यू किया। टूर्नामेंट में अफगानिस्तान को मेजबान ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ, श्रीलंका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया था।



# टिम साउदी बोले, टी 20 लीगों के लिये और खिलाड़ी छोड़ सकते हैं केंद्रीय अनुबंध




क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का मानना है कि आईपीएल समेत दुनिया भर में लुभावनी टी20 लीग के आने से क्रिकेट का परिदृश्य बदल गया है और अब अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय अनुबंध छोड़ सकते हैं। न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ी ट्रेंट बोल्ट, मार्टिन गुप्टिल और जिम्मी नीशाम अभी तक अलग अलग लीग में खेलने के लिये अपने केंद्रीय अनुबंध छोड़ चुके हैं। साउदी ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कहा , पिछले कुछ महीने में क्रिकेट का परिदृश्य बदल चुका है। मेरा न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंध है और मैं आईपीएल खेलूंगा। देखते हैं कि आगे क्या होता है लेकिन दो तीन साल पहले की तुलना में अब बहुत कुछ बदल चुका है। साउदी 2023 आईपीएल सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये खेलेंगे। उन्होंने कहा, मैं काफी आगे की नहीं सोचता। आने वाले महीनों में मुझे काफी क्रिकेट खेलनी है लेकिन सभी खिलाड़ियों को इस बदलते माहौल में सोचना होगा। भारत के खिलाफ पहले वनडे में तीन विकेट लेकर साउदी 300 टेस्ट, 200 वनडे और 100 टी20 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने कहा , यह खास है क्योंकि पहले किसी ने ऐसा नहीं किया है। कैरियर खत्म होने पर जब आप पीछे मुड़कर देखेंगे तो गौरवान्वित होंगे। मैने अपने समय का पूरा मजा लिया और उम्मीद है कि आगे कई साल खेलकर और विकेट लूंगा। उन्होंने कहा कि वह तीनों प्रारूपों में खेलना जारी रखना चाहते हैं।

# कनाडा पहली बार बना डेविस कप चैंपियन

## 28 बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया को हराया

**मलागा (एजेंसी)।** कनाडा ने 109 साल में पहली बार डेविस कप टेनिस खिताब अपने नाम कर लिया। कनाडा ने फाइनल में 28 बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया।

दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स अगुर एलिसमी ने दूसरे एकल में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनाउर को 6-3-6-4 से हराकर टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। फेलिक्स ने 16 विनर्स लगाए जबकि एलेक्स पांच विनर्स ही लगा सके। इससे पहले डेनिस शापोवालोव ने थानासी कोकानाकिस को 6-2, 6-4 से हराया था। एलिसमी ने डेविस कप जीत को सपना सच होना बताया। कनाडा इससे पहले 2019 में फाइनल में पहुंचा था तब राफेल नडाल की स्पेन टीम से हार गया था। शापोवालोव और फेलिक्स ने 2015 में कनाडा को जूनियर डेविस कप जिताने में भी मदद की थी। फेलिक्स ने जीत के बाद कहा, भावनाओं का वर्णन करना कठिन है। डेनिस शापोवालोव और मैं एक साथ बड़े हुए और डेविस कप जीतने का सपना देखा। यह मेरे लिए और देश के लिए एक महान क्षण है। कनाडा ने शानदार सप्ताह के दौरान जर्मनी और इटली को भी रौंद दिया। सेमीफाइनल में, ऑस्ट्रेलिया ने क्रोएशिया को हराकर 2003 के बाद से अपने पहले डेविस कप फाइनल में प्रवेश किया। 60-27 रिकॉर्ड के साथ, ऑगर-अलीसिमे ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन पूरा किया। 22 वर्षीय के लिए एक शानदार वर्ष था, टूर स्तर पर चार खिताब जीते और कनाडा को एटीपी कप जीतने में मदद की।



### आईपीएल को लेकर वार्नर ने पहले ही ग्रीन को चेताया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडक कैमरन ग्रीन 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाले आईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। कैमरन ग्रीन को ऑक्शन में भारी-भरकम राशि मिल सकती है। बहरहाल, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी डेविड वार्नर ने कैमरन ग्रीन पर बड़ा बयान दिया है। डेविड वार्नर ने कहा कि कैमरन ग्रीन को आईपीएल के बाद इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलना है। मेरा मानना है कि यह युवा खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होने वाले है। डेविड वार्नर ने कहा कि मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि कैमरन ग्रीन के लिए यह आसान नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का उदाहरण देते हुए कहा कि इस खिलाड़ी ने पिछले कुछ सालों में ऐसा किया है।

अगर आपकी फेस स्किन ग्लोइंग होगी, तभी उस पर किया गया मेकअप आपकी ब्यूटी को और निखार सकता है। स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आप कुछ नेचुरल फेस पैक्स का रेग्युलर यूज कर सकती हैं। ये फेस पैक्स आप आसानी से घर में ही बना सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# नेचुरल फेस पैक से पाएं दमकती त्वचा





ब्यूटी एडवाइस
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

इन दिनों वेडिंग सीजन चल रहा है। अगर आपको भी किसी वेडिंग पार्टी या स्पेशल ऑकेजन में शामिल होना है तो अपनी ड्रेसअप और मेकअप के साथ-साथ स्किन ब्यूटी पर भी जरूर ध्यान दें। क्योंकि अगर स्किन पर डलनेस या ड्रायनेस हो तो इससे आपकी खूबसूरती निखर कर नहीं आ पाती है। आप कुछ आसानी से तैयार हो सकने वाले फेस पैक्स से त्वचा को आकर्षक और मुलायम बना सकती हैं। इनमें से कुछ फेस पैक्स को बनाने और अप्लाई करने के तरीके के बारे में यहां बता रहे हैं।

## गुड़हल के फूल का पैक

यह फेस पैक बनाने के लिए गुड़हल के फूल की पंखुड़ियों को ठंडे पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। अगले दिन इनको इसी पानी में मैश कर लें। अब इसमें तीन चम्मच ओट्स पावडर और दो बूंद टी ट्री ऑयल की डालें। गुड़हल के फूल का फेस पैक तैयार है। इसे वीक में दो बार लगाएं और कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखने लगेगा।

इसका पैक बनाने के लिए आप 2 चम्मच गुड़हल के फूल का पावडर लेकर उसमें 1 चम्मच शहद और आधा छोटा चम्मच एलोवेरा जैल को मिलाकर पेस्ट बना सकती हैं। इस पैक को अपने चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। आप चाहें तो गुड़हल के फूल के पावडर के बजाय इसके पेस्ट को भी यूज कर सकती हैं।

## शहद का फेस पैक

शहद के हाइड्रेटिंग गुण भी त्वचा को सॉफ्ट बनाने में काफी सहायक सिद्ध होते हैं। शहद का फेस पैक बनाने के लिए एक बर्तन में दो से तीन चम्मच शहद लें और उसमें एक चम्मच दही मिलाएं। आप इसमें चुटकी भर हल्दी भी मिला सकती हैं। इस पैक को फेस पर अप्लाई करें और करीब 20 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद साफ पानी से चेहरा साफ कर लें। आपको अपनी त्वचा में कोमलता और ताजगी का अहसास होगा।

## खीरे का फेस पैक

खीरे में भी ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा में नमी बरकरार रखने के अलावा उसे अंदर से रिपेयर करते हैं। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए खीरे के पल्प को मैश कर लें और इसमें एक चम्मच चावल के पावडर और एक चम्मच पके पपीते को मिक्स करके मैश कर लें। आप इसमें ओट्स पावडर और नीबू का रस भी मिला सकती हैं। अब इस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। करीब आधे घंटे बाद इसे ठंडे पानी से साफ कर लें। इससे टैनिंग कम होगी और त्वचा में निखार आएगा।



## स्ट्रॉबेरी का फेस पैक


स्ट्रॉबेरी फेस पैक, त्वचा को मुलायम बनाने के साथ ही उसे आकर्षक भी बनाता है। यह स्किन की डेड सेल्स से छुटकारा दिलाने में हेल्पफुल है। यह कील, मुंहासों से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है। इसमें विटामिन सी होता है, जो फ्री रेडिकल्स को हटाता है, इससे चेहरे की चमक बढ़ती है। इसका फेस पैक बनाने के लिए एक स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें। डार्क चॉकलेट के दो क्यूब्स को माइक्रोवेव में पिघला लें। पिघली हुई डार्क चॉकलेट में मैश की हुई स्ट्रॉबेरी डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। अब अपनी स्किन पर यह खुशबूदार पैक लगाएं और पांच से दस मिनट तक गोलाकार मसाज करें। इसे अपने चेहरे पर आधे घंटे तक के लिए लगा रहने दें, फिर चेहरा गुनगुने पानी से धो कर सुखा लें। *

# न्यूली मैरिड वूमेन कैरी करें ये हेयर स्टाइल

शादी के बाद भी कुछ समय तक न्यूली मैरिड वूमेन को अपने लुक्स को लेकर कैजुअल नहीं रहना चाहिए। सिपल-सोबर दिखने के लिए आप कुछ ऐसी हेयर स्टाइल्स कैरी कर सकती हैं, जिन्हें बनाना भी ईजी है।



अपनी शादी और उससे जुड़े फंक्शंस की तैयारी के लिए तो युवतियां अपने लुक्स, ड्रेसअप और हेयरस्टाइल को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हर संभव प्रयास करती हैं। लेकिन शादी के तुरंत बाद इस पर बिल्कुल ध्यान ना देना, सही नहीं है। आप डेली रूटीन के लिए भी कुछ डिफरेंट हेयरस्टाइल को कैरी कर अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।



**फंकी जूड़ा :** अगर आप हेयर स्टाइल को थोड़ा डिफरेंट लुक देना चाहती हैं तो फंकी स्टाइल में जूड़ा बना सकती हैं। यह ऐसा हेयर स्टाइल है, जो मिनटों में रेडी हो जाता है लेकिन इसमें आपका लुक डिफरेंट नजर आता है। इसमें हेयर्स को आगे से लूज करते हुए पीछे बन बना लिया जाता है। इसमें आप आगे के बालों को भी स्टाइल दे सकती हैं। जैसे आगे से बीच की मांग निकालकर दोनों साइड बालों को ट्विस्ट करके पिन लगा सकती हैं। इससे आपका फंकी जूड़ा और अच्छा नजर आएगा।



**ब्रेडेड स्टाइल :** इस तरह का हेयर स्टाइल आजकल यंग वूमेन को काफी भा रहा है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले सारे बालों को लेफ्ट साइड की ओर कर लें, फिर इन्हें तीन हिस्सों में बांट लें। अब हेयर क्लिप की मदद से पहले और बीच के सेक्शन को अलग कर लें और तीनों की ब्रेड बना लें। अंत में तीनों ब्रेड्स को एक साथ बांध लें।

**हाफ अप ब्रेडेड बन:** यह हेयर स्टाइल हर ड्रेस पर अच्छी लगती है। इससे आपको मॉडर्न लुक मिलेगा। इसमें आधे बालों का बन बनाया जाता है और बाकी के बालों को खुला छोड़ दिया जाता है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए बालों को क्राउन एरिया से एक सेक्शन अलग करके तीन हिस्सों में बांट कर फ्रेंच ब्रेड बना लें। फिर इस ब्रेड से बन तैयार करें। अंत में बॉबी पिन की मदद से बन को सेट कर लें।



**फ्रेंच चोटी :** इसे बनाने के लिए बालों को सामने लाकर तीन हिस्सों में बांट दें। तीनों हिस्सों को सीधा कर लें और अब फ्रेंच चोटी बनाने के लिए राइट साइड के बालों के हिस्से को बीच वाले हिस्से की ओर लाएं। अब लेफ्ट साइड वाले हिस्से को बीच वाले हिस्से की ओर ले जाएं। अब फिर से थोड़े और बालों को राइट साइड से लेकर बीच की तरफ लाएं। ठीक इसी प्रकार, लेफ्ट साइड से करें। यानी कुछ और बालों को लेकर बीच वाले हिस्से के ऊपर रखें। इसी क्रम को तब तक करें, जब तक आप बालों के छोर तक न पहुंच जाएं। फ्रेंच चोटी तैयार हो जाएगी। *

रेसिपी / प्रतिभा अग्निहोत्री

# मिक्स वेज कोफ्ता करी

***कभी-कभी** मन करता है कि कुछ स्पेशल बनाया जाए, ताकि परिवार के लोगों को नया स्वाद मिले। हम आपके लिए लाए हैं मिक्स वेज कोफ्ता करी की रेसिपी, इसे जब परिवार के सदस्य खाएंगे तो अंगुली चाटते रह जाएंगे।*

**सामग्री (कोफ्ते के लिए)**–किसा पत्तागोभी : 1 कप, किसा आलू : 1, किसी गाजर : 1, किसी शिमला मिर्च : 1, बेसन : 2 टेबल स्पून, नमक : 1 टी स्पून, जीरा : 1/4 टी स्पून, तलने के लिए : तेल

**(करी के लिए)**–बड़े आकार का प्याज : 1, टमाटर : 2, लहसुन : 4 कली, छोटी गांठ अदरक : 1, हरी मिर्च : 4, तिल : 1/2 टी स्पून, मूंगफली दाने : 1/2 टी स्पून, हल्दी पावडर : 1/4 टी स्पून, लाल मिर्च पावडर : 1/4 टी स्पून, धनिया पावडर : 1 टी स्पून, गरम मसाला पावडर : 1/4 टी स्पून, कश्मीरी लाल मिर्च पावडर : 1/4 टी स्पून, नमक : स्वादानुसार, तेल : 2 टेबल स्पून



**विधि** – कोफ्ते बनाने के लिए सभी सब्जियों को एक बाउल में डालकर बेसन, जीरा, नमक और जरूरत के मुताबिक पानी मिलाएं। अब इस मिश्रण से छोटे-छोटे बॉल्स बनाकर गरम तेल में मंदी आंच पर सुनहरा होने तक तलकर बटर पेपर पर निकाल लें।

**करी बनाने के लिए**–प्याज, टमाटर, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, मूंगफली दाने और तिल डालकर मिक्सी में पेस्ट बनाएं। अब गरम तेल में तैयार पेस्ट डालकर मंदी आंच पर 5 मिनट भूनें। समस्त मसाले डालकर मसाले को बीच-बीच में चलाते हुए धीमी आंच पर भूनें। जब मसाला तेल छोड़ दे तो एक ग्लास पानी डालकर अच्छी तरह चलाएं। दो-तीन उबाल आने पर तले हुए कोफ्ते इसमें डाल दें। गर्मा-गर्म मिक्स वेज कोफ्ता करी तैयार है। *



जब भी किसी मैरिज पार्टी में शामिल होना होता है तो कई महिलाओं के मन में यह उलझन होती है कि वे क्या पहनें, किस ड्रेसअप में उनका लुक निखरेगा? अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो हम आपको मैरिज पार्टी के लिए साड़ियों के बेस्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं।

# आपका लुक बदल देंगी ये वेडिंग पार्टी साड़ियां

ड्रेसअप / निकिता चौहान



ऑकेजन चाहे मैरिज फंक्शन का हो या वेडिंग रिसेप्शन का, इसमें शामिल होने के लिए महिलाओं के ड्रेसअप का बेस्ट ऑप्शन साड़ियां ही होती हैं। इनसे आपको एलिगेंट, ग्रेसफुल और स्टाइलिश लुक मिलता है। लेकिन साड़ियों में भी कुछ ऑप्शंस बेस्ट माने जाते हैं। कौन-से हैं वो ऑप्शंस, हम आपको यहां बता रहे हैं।

**प्रिंटेड क्रेप साड़ी :** कई महिलाएं मैरिज पार्टीज में भी बहुत हैवी या डिजाइनर साड़ियां पहनना पसंद नहीं करती हैं। उन्हें सिंपल लेकिन सोबर सा पहनना पसंद होता है। ऐसी महिलाओं के लिए प्रिंटेड क्रेप साड़ी सबसे अच्छा ऑप्शन होता है। आजकल क्रेप साड़ियों पर राइनस्टोन एंबेलिशमेंट्स डिजाइनिंग भी काफी ट्रेंड में है। आप इन्हें भी सेलेक्ट कर सकती हैं। ये साड़ियां सिंपल होती हैं, ऐसे में अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए इसके साथ आप हैवी एसेसरीज पहन सकती हैं।

**हैंड एंब्रॉयडर्ड साड़ी :** शादी पार्टी में शामिल होने के लिए हैंड एंब्रॉयडर्ड साड़ी भी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें साड़ी के ऊपर अट्रैक्टिव एंब्रॉयडरी वर्क किया हुआ होता है, जो आपके लुक को क्लासी टच देता है। हैंड एंब्रॉयडरी डिजाइन में काफी लंबी रेंज आपको मिल जाएगी। आप इनमें से अपनी पसंद की कोई भी डिजाइनर साड़ी सेलेक्ट कर सकती हैं।

**सिल्क साड़ी :** वेडिंग फंक्शंस में पहनने के लिए सिल्क की साड़ी भी अच्छा ऑप्शन है। इसमें कई वैरायटीज आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ियां एवरग्रीन होती हैं और क्लासिक लुक देती हैं। ये साड़ियां कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती हैं, इसलिए आप कुछ सिल्क साड़ियां अपने वार्डरोब में जरूर रखें।



**प्री-स्टिच्ड साड़ी :** आजकल स्पेशल ऑकेजंस में महिलाएं प्री-स्टिच्ड साड़ी पहनकर भी काफी दिखती हैं। खासतौर पर वेडिंग और पार्टी वियर के रूप में रफल्ड या प्लीटेड प्री-स्टिच्ड साड़ियां बहुत अच्छी लगती हैं। वैसे आप चाहें तो अपनी किसी फेवरेट साड़ी को भी एक्सपर्ट टेलर से प्री स्टिच करवा सकती हैं।

**सीक्विन साड़ी :** सीक्विन साड़ियों का क्रेज काफी समय से बना हुआ है। बॉलीवुड सेलेब्स से लेकर टीवी एक्ट्रेसेस तक इन्हें कैरी किए हुए पार्टीज में नजर आ जाती हैं। यही वजह है कि युवा महिलाएं खासतौर पर इन्हें स्पेशल ऑकेजंस में वियर करना पसंद करती हैं। आप मैरिज पार्टी या वेडिंग रिसेप्शन में इस साड़ी को पहनकर जा सकती हैं। इन साड़ियों को पहनने का एक प्लस प्वाइंट यह है कि इनके साथ ज्यादा एसेसरीज कैरी करने की जरूरत नहीं पड़ती है। *







अगर आपकी शादी हाल में हुई है, आप सुहाने सपनों के साथ अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत कर रही हैं तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखिए, इससे आपके मधुर वैवाहिक जीवन की नींव पड़ेगी, आप हमेशा खुशहाल दांपत्य जीवन जिएंगी।

# तब दांपत्य जीवन में ताउम्र बनी रहेगी मधुरता

मैरिड लाइफ / रजनी अरोड़ा

शादी के बाद नवदंपति एक नई जिंदगी की शुरुआत करते हैं। इनके वैवाहिक जीवन के कुछ महीने बहुत मायने रखते हैं, क्योंकि यह समय एक-दूसरे को समझने, आपस में मधुर सामंजस्य बैठाने का होता है। यही वो दौर है, जिसमें मधुर दांपत्य जीवन की नींव पड़ती है। लेकिन कई बार जाने-अनजाने नवदंपति से ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिसका असर उनके वैवाहिक जीवन पर पड़ता है, कटुता पैदा होती है। ऐसा ना हो इसके लिए नवदंपति को कुछ बातों का जरूर ध्यान रखना चाहिए।

**एक-दूसरे के रंग में रंगें :** शादी का मतलब है, एक-दूसरे की अच्छाइयां-बुराइयां, कमियों खूबियों को स्वीकार करना और एक-दूसरे के साथ एडजस्ट करना। लेकिन कई कपल, अपने पार्टनर के साथ एडजस्ट न होकर, अपने हिसाब से उसे बदलने की कोशिश करते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि क्या वो खुद को दूसरे के हिसाब से बदल सकते हैं? अगर वो खुद ऐसा नहीं कर सकते तो अपने पार्टनर से कैसे उम्मीद रखते हैं कि वह बदले। इसलिए शादी को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के रंग में रंग जाएं।

**ना करें इममैच्योर बिहेवियर :** शादी होने के बाद भी कई दंपतियों का व्यवहार मैच्योर नहीं होता है। इसकी वजह से छोटी-छोटी बात को लेकर उनमें नोक-झोंक होती रहती है। इममैच्योर बिहेवियर के कारण अपने को दूसरे से सुपीरियर मानकर झुकने के लिए तैयार नहीं होते। ईगो की वजह से ना तो अपनी गलती स्वीकार करते हैं और ना सुलह करने की पहल करते हैं और ना ही दूसरे की गलती को माफ कर आगे से ऐसा ना करने की सहमति जताते हैं। नतीजतन आपसी मनमुटाव लंबा खिंच जाता है, इससे दांपत्य रिश्ते में खटास आ जाती है। नवदंपति को इममैच्योर बिहेवियर ना करके प्यार से आपसी मनमुटाव को जितना जल्दी हो सके, खत्म कर लेना चाहिए। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहे, इसके लिए एक-दूसरे की केयर, प्यार और इज्जत करना जरूरी है।



**एक-दूसरे को लेकर बहुत ज्यादा पजेसिव ना रहें :** कई नवदंपति अपने पार्टनर को लेकर बहुत ज्यादा पजेसिव होते हैं। चाहते हैं कि उनका जीवन साथी केवल उन्हीं से बात करे, किसी दूसरे से बात नहीं, किसी दूसरे की तारीफ भी न करे। यहां तक कि पार्टनर को अपने परिवार के सदस्यों से बात करना भी खलता है। इस तरह की बातें या दूसरे पर हावी रहने वाला रवैया रिश्ते में दूरी या खटास लाता है। नवदंपति के लिए यह समझना जरूरी है कि शादी का मतलब बंधन नहीं है, अपने साथी को पूरा स्पेस देना भी है।


**परिवार वालों की दखलअंदाजी से बचें :** अकसर नवदंपति के परिवार बहुत ज्यादा दखलअंदाजी करते हैं, यह सही नहीं हैं, इससे उनके रिश्तों में तनाव आ सकता है। नवदंपतियों को समझना चाहिए कि अब उनकी शादी हो गई है, वे जीवनसाथी हैं। उन्हें अपने जीवन साथी के साथ तालमेल बैठाकर घर-गृहस्थी चलानी चाहिए। जरूरत हो तो वे अपने माता-पिता से गाइडेंस जरूर ले सकते हैं, लेकिन उनसे पूछ कर हर काम करना नासमझी है। मजबूत दांपत्य रिश्ता कायम करने के लिए पति-पत्नी को अपने नजरिए से आपस में सलाह करके ही घर-गृहस्थी की गाड़ी चलानी चाहिए।

**मिलकर करें घर के काम :** अगर पति-पत्नी दोनों वर्किंग हैं तो जरूरी है कि घर के कामों में एक-दूसरे का हाथ बंटाएं। घर के काम सिर्फ पत्नी ही करे, पति की ऐसी मानसिकता नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर पत्नी अगर हाउसवाइफ भी है, तब भी घर के सभी काम करने की जिम्मेदारी सिर्फ उसी की नहीं होनी चाहिए। कुछ कामों में पति भी हाथ बंटाए। ज्यादा नहीं तो बाहर से सामान लाने का काम पति संभाल ले, कुछ और कामों में भी हाथ बंटाए, इससे पत्नी को बहुत मदद मिल जाएगी। नवदंपति इन बातों का ध्यान रखेंगे तो ताउम्र उनका वैवाहिक जीवन मधुरता के साथ बीतेगा। *

# बरेसर क्षेत्र में हुयी हत्या का 24 घंटे में हुआ सफल अनावरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 27 नवम्बर को वादिनी मीना यादव पत्नी स्व0 रामजी यादव निवासी ग्राम सुतिहार थाना बरेसर जनपद गाजीपुर द्वारा अपने पति की मृत्यु सडक दुर्घटना के बावत लिखित एक तहरीर प्रस्तुत कर थाना बरेसर पर अज्ञात के विरुद्व मुकदमा पंजीकृत कराया गया था विवेचक उप निरीक्षक रोहित कुमार द्विवेदी द्वारा मृतक के पंचायत नामा को तैयार किये जाने व स्थलीय परीक्षण-किया गया। मृतक उपरोक्त का शव सर्विस रोड के किनारे मृत अवस्था मे पाया गया था पंचायत नामे की कार्यवाही के उपरान्त ग्रामीण द्वारा दुर्घटना को घटना होना बताया जाने लगा, पुलिस टीम द्वारा गहराई से निरीक्षण करने के उपरान्त प्राइमरी स्कूल के दक्षिणी ओर शौचालय के पास कुछ खून की तरह मिट्टी मे धब्बे दिखाई दिए इस बावत





प्रभारी निरीक्षक बरेसर, फोरेन्सिक टीम, सर्विलाँस प्रभारी व एस0ओ0जी0 प्रभारी टीमो का गठन करते हुए अज्ञात अभियुक्त व घटना का अनावरण करने के आदेश के क्रम मे 24 घण्टे के अन्दर अज्ञात अभियुक्त द्वारा कारित की गयी घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त भईया लाल यादव पुत्र राम आसरे ग्राम सुतिहार थाना बरेसर जनपद गाजीपुर का नाम प्रकाश मे आया जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक बरेसर, प्रभारी एस0ओ0जी0 मय हमराह,प्रभारी सर्विलांस सेल के अथक परिश्रम से अभियुक्त उपरोक्त को दिनांक 28नवम्बर22 को समय करीब सवा तीन बजे सुतिहार अण्डर पास हाइवे के पास से गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त रम्मा व मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, अभियुक्त भईयालाल यादव पुत्र राम आसरे यादव ग्राम सुतिहार थाना बरेसर जनपद गाजीपुर व मृतक रामजी यादव पुत्र राजाराम यादव ग्राम सुतिहार थाना बरेसर जनपद गाजीपुर मे गहरी मित्रता थी अभियुक्त भईया लाल का मृतक रामजी यादव के घर आना जाना लगा रहता था जिससे मृतक की पुत्री से अभियुक्त का प्रेम प्रसंग चलने लगा और आये दिन अभियुक्त के बुलाने पर उसकी प्रेमिका घटना स्थल पर आया करती थी जिसकी जानाकारी होने पर दिनांक 26/27 नवम्बर 22 को मृतक द्वारा अपनी पुत्री का घर से निकलने पर पीछा करते हुए प्राईमरी स्कूल पर आया था जहाँ पर अभियुक्त व मृतक की पुत्री आपस मे बात चीत कर रहे थे जिससे मृतक अपनी पुत्री को देखकर आग बबूला हो गया जिससे मृतक की पुत्री मौके से भाग गयी , अभियुक्त मृतक को बगल मे रखे रम्मे से सर पर वार कर दिया रम्मे के वार से मृतक कि मृत्यु हो गयी तो अभियुक्त भईया लाल पुत्र राम आसरे द्वारा हत्या को दुर्घटना का रुप देने के लिए मृतक के शव को सर्विस लेन सडक पर लाकर रख दिया। जिससे लोगों को देखने मे लगे की मृतक की मृत्यु सडक दुर्घटना से हुई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना बरेसर, प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 रामाश्रय राय व टीम, उप निरीक्षक सुनील तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी थाना बरेसर, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव एस0ओ0जी टीम, कांस्टेबल अभयधर दूबे थाना बरेसर, कांस्टेबल शनि कुमार थाना बरेसर, कांस्टेबल राजेश मौर्या थाना बरेसर, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी थाना बरेसर, महिला कांस्टेबल प्रियंका गौड़ थाना बरेसर, कांस्टेबल प्रमोद सरोज एस0ओ0जी0 टीम, कांस्टेबल राकेश सोनकर एस0ओ0जी0 टीम, कांस्टेबल चंदन मणि त्रिपाठी एस0ओ0जी0 टीम, कांस्टेबल संजय प्रसाद एस0ओ0जी0 टीम शामिल रहे ।

## गुजरात के कोटेश्वर से साइकिल चलाकर कुशीनगर पहुंचे 61 वर्षीय संजय खाड़े का रोटरी क्लब ने किया स्वागत

प्रखर डेस्क। नवी मुंबई निवासी 61 वर्षीय साईकिल यात्री संजय खाड़े गुजरात के कोटेश्वर से साइकिल यात्रा शुरू कर अरुणाचल प्रदेश के कीवीथू तक की कुल 3832 किमी की यात्रा पर निकले हैं। मंगलवार की शाम कुशीनगर पहुंचने पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम देकर इन्हें सम्मानित किया। साइकिल यात्री संजय खाड़े ने बताया कि वह स्वयं रोटरी क्लब पानवेल महानगर के सदस्य हैं। साइकिल द्वारा यह दूसरी यात्रा है। इसके पूर्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा साइकिल से पूरी की है। इस साइकिल यात्रा का उद्देश्य देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृति एवं धरोहरों को नजदीक से देखना-



जानना और लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने के साथ ही साथ फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। संजय की यात्रा 15 दिसंबर को चीन सीमा पर स्थित अरुणाचल प्रदेश के कीवीथू में जाकर पूरी होगी। इस यात्रा में कई स्थानों पर विश्राम इत्यादि की व्यवस्था कराने के लिए रोटरी क्लब के सदस्यों की मदद मिल रही है। स्वागत एवं सम्मान हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, सचिव वाहिद अली, सह-सचिव दिनेश कुमार यादव, निदेशक राजीव जायसवाल 'लक्ष्य', डॉ नदीम वारसी, गौरव मद्धेशिया एवं आदिल खान आदि उपस्थित रहे।

## लोकचेतना ने आबकारी मंत्री को सौंपा पत्रक, काशी में मांस मदिरा प्रतिबंधित किए जाने की मांग की

प्रखर वाराणसी। लोक चेतना सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के.के उपाध्याय ने प्राचीन धर्म नगरी काशी को मांस-मदिरा से मुक्त करवाने के सम्बंध में सोमवार को सर्किट हाउस में आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल को सौंपा पत्रक।बता दें कि प्राचीन धर्म नगरी काशी को मांस-मदिरा से मुक्त करवाने के लिए महीनों से लोक चेतना सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के.के उपाध्याय के नेतृत्व में व्हाट्सप्प,फेसबुक अन्य शोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से चलाया जा रहा है अभियान।लोक चेतना का नारा है।"लोक चेतना का यह संदेश जन-जन तक पहुंचाना है,धर्म नगरी काशी को मांस-मदिरा मुक्त करवाना है।धर्म विचारों काशीवासियों,बनो धर्म के दास सच्चे मन से सभी जन त्यागो मदिरा और मांस "।जिसे लेकर सोमवार को लोक चेतना सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के.के उपाध्याय ने सोमवार को सर्किट हाउस में आबकारी राज्य मंत्री नितिन



अग्रवाल को सौंपा पत्रक कहा प्राचीन धार्मिक नगरी काशी में दूर-दूर से आते हैं आस्था रखने वाले श्रद्धालु मांस-मदिरा बिक्री से उनकी भावनाएं होती है आहत उन्होंने आबकारी राज्य मंत्री से निवेदन किया कि काशी क्षेत्र में मांस-मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाय।गौरतलब हो कि आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि सरकार कई धार्मिक स्थलों वाले शहर में मांस मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध पहले से कर दी है और काशी में रजिस्टर्ड मंदिरों से 200 मीटर के दायरे में इसे प्रतिबंधित कराया जाएगा उन्होंने इस मामले की जांच कराने की बात कही।इस दौरान निशान्त बरनवाल लोक चेतना प्रदेश संगठन मंत्री,कृष्णा सिंह मीडिया प्रभारी,कैलाश सिंह प्रधान महासचिव,भानु प्रताप राय मण्डल उपाध्यक्ष,बृजेश श्रीवास्तव महानगर संगठन मंत्री,आशुतोष पाण्डेय महानगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष चोलापुर के नेतृत्व में थाना चोलापुर में प्रशासन व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बैठक



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में दिनांक 28/11/2022 को थाना चोलापुर में प्रशासन और भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के बीच समन्वय बैठक हुई। जिसमें में मण्डल चोलापुर के भाजपा पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। चोलापुर मण्डल में आम जन मानस व क्षेत्र में हो रही परेशानियों से प्रशासन को अवगत कराया गया। जिसमे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को गाड़ी नही चलाने देने, महिलाओ की सुरक्षा, स्कूल के आस पास व क्षेत्र में एंटी रोमियो को और सक्रिय होने को, प्रशासन द्वारा रात्रि गस्त बढाई जाय, तिराहे चोराहे पर पिकेट पुलिस का होना व बाजार में अराजक तत्वों पर सख्त करवाई पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुभाष सिंह, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य श्वेतांक तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, मण्डल उपाधक्ष अरविंद सेठ, अनसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवींद्र कनोजिया, मंडल उपाधक्ष रवींद्र कुमार, संजय सिंह, कपिल, श्याम नारायण भरद्वाज, शक्ति केंद्र संयोजक/ प्रभारी मनोज मिश्रा, मनोज सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, श्याम नारायण सिंह, रामबदन, राम जनम, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री रामबाबू गुप्ता व भाजपा चोलापुर मण्डल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे इत्यादि।

## गंगा घाटों पर अवैध फोटोग्राफी को लेकर मारपीट

मिजार्पुर। विंध्याचल। अखाड़ा घाट पर अवैध फोटोग्राफी को लेकर हुई जमकर मारपीट।अभी तक अवैध फोटोग्राफी को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया।जिसके वजह से गंगा घाट पर मनबढ़ किस्म के लोगों ने दर्शनार्थियों को भी नहीं छोड़ते आए दिन उनके साथ अभद्रता किया जाता रहा है। वहीं गंगा घाट पर 51रू से 101 रु तक की जबरन अवैध वसूली यात्रियों के साथ किया जाता रहा है।जिसको लेकर कई दर्धनार्थियों इसकी शिकायत कोतवाली में कई बार कर चुके है फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्यवाही न होने की वजह से इनका मनोबल बढ़ा हुआ जिसके कारण आए दिन मारपीट होता रहता है। इन घाटो पर अबैध फोटो गाफी होता है देवान घाट, पक्काघाट, अखाडाघाट।

# खेलो बनारस में ग्रामीण प्रतिभाओं ने दिखाया जोश

प्रखर पिंडरा वाराणसी। खेलो बनारस के तहत मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता नेशनल इंटर कालेज पिंडरा के खेल मैदान पर हुई। जिसमें बालक बालिकाओ ने चढ़ बढ़ कर हिस्सा लेने के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान जूनियरवर्ग के 100 व 200 मीटर (बालक) में संदीप कन्नौजिया फूलपुर तथा 100 व 200 मीटर बालिका सीनियर वर्ग में काजल वर्मा तथा 400 व 800 मीटर बालक सीनियर वर्ग में अजित कुमार रसूलपुर ने दोहरी सफलता हासिल की। वही 3000 मीटर जूनियर बालिका में पारुल पटेल अहरक तथा 3000 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में काजल वर्मा परसरा ने बाजी मारी। इसके अलावा कबड्डी, खो खो, बालीबाल, कुश्ती, लम्बी कूद, ऊँची कूद समेत अनेक प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ दीपांकर आर्य, बीइओ देवीप्रसाद दुबे, एडीओ पंचायत अशोक चौबे प्रिंसिपल इंटर कालेज रामाश्रय सिंह व ग्राम प्रधान प्रतिनधि रामू गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। संचालन सेक्रेटरी



गोविंद गिरी ने किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक पूरे खेल को सम्पन्न कराने में महती भूमिका निभाई। ग्राम पंचायत के तरफ से टेंट से लेकर पानी तक की व्यवस्था दिखी। लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में रहे पीआरडी विभाग शून्य नजर आया। ब्लॉक के बीओ पीआरडी ने बताया कि दो ब्लॉक की जिम्मेदारी होने के कारण भागदौड़ रही और मुझे किसी तरह का न तो धन उपलब्ध कराया न ही व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। जिसके कारण शिक्षक अधूरी तैयारी के बीच प्रतियोगिता को पूर्ण कराया। बीईओ देवी प्रसाद पूरे समय तक शिक्षकों के साथ डटे रहे। इस दौरान विभिन्न खेलो में 1690 बालकइ बालिकाओ ने जूनियर व सीनियर वर्ग में भाग लिया। खेल सुबह 10 बजे से 4 बजे तक चला। इस दौरान ब्लॉक ब्यायाम शिक्षक कैलाश यादव, रामसेवक यादव, चन्द्रशेखर सरोज, अखिलेश मिश्रा, अरविंद सिंह, योगेंद्र पाल, बृजनाथ यादव, पप्पू गिरी, अजय सिंह के अलावा दर्जनों शिक्षक निर्णायक की भूमिका में रहे।

## नवागत मण्डलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय पहुंच किया कार्यभार ग्रहण

प्रखर मिजार्पुर। नवागत मण्डलायुक्त डा0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आज पूर्वान्ह आयुक्त कार्यालय पहुॅचकर विन्ध्याचल मण्डल का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस उपस्थित रहें। मूलतः तमिलनाडु के निवासी डा0 मुथुकुमार स्वामी बी0 2007 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी है। इसके पूर्व जनपद महोबा, फरूखाबाद, बलिया जनपदों में जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। विन्ध्याचल मण्डल में आने के पूर्व डा0 स्वामी प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन लखनऊ के पद पर कार्यरत रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अधिकारियों से मुलाकात के दौरान बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता में रहेगा। उन्होने कहा कि प्रत्येक फरियादी विशेषकर



दूर दराज से आने वाले गरीब व्यक्तियो को न्याय दिलाना भी उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि अवैध खन्न व ओवरलोडिंग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। तदुपरान्त मण्डलायुक्त द्वारा आयुक्त कार्यालय के सभागार में अधिवक्ताओं से औपचारिक मुलाकात की गयी तत्पश्चात आयुक्त कार्यालय में भ्रमण कर कार्यालय का निरीक्षण व पटलवार कर्मचारियों से मिलकर उनके कार्यो के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा बार एशोसिएशन कक्ष में पहुॅचकर वहाॅ की व्यवस्थाओं को देखा गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन रमेश कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अशोक कुमार शर्मा, सम्भागीय खाद्य नियंत्रक प्रभाकान्त द्विवेदी, डी0आई0डी0 स्टाम्प राम दयाल, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व दिनांक 28 नवम्बर 2022 की देर रात्रि विन्ध्याचल पहुॅचकर मण्डलायुक्त द्वारा माॅ विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। दर्शन के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, क्षेत्राधिकारी सिटी प्रभात राय, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी भरत लाल सरोज के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गरीबों की सेवा सबसे पुनीत कार्य

प्रखर बरईपार (जौनपुर)। मछली शहर कोतवाली के चक इंग्लिश गांव में आयोजित कंबल वितरण समारोह एवं बैग वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सपा के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान की सेवाके समान होती है। जाड़े के दिनों में गरीबों में कंबल वितरण एक प्रकार का अत्यंत पुनीत कार्य है। इससे मानवता की सेवा भी हो जाती है और गरीबों की मदद भी हो। जाती है उक्त बातें लाल बहादुर यादव छब्बी देवी खरभान यादव के छठी पुण्यतिथि पर बोल रहे थे ।इस कार्यक्रम में 300 गरीबों को कंबल वितरण किया गया और 250 स्कूली बच्चों को एक किताब कॉपी कलम और बिस्किट दिया गया ।आयोजक मुंबई के प्रसिद्ध उद्योगपति राम उजागिर सेठ ने कहा कि वह पिछले 6 सालों से अपने माता पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों की सेवा करते आ रहे हैं आगे भी करते रहेंगे । सपा नेता राहुल त्रिपाठी ने कहा कि गरीबो सेवा हर लोगो को करनी चाहिए अपने बजट के हिसाब से मदद को



समाज के हर तबके से लोग आगे आये भगवान उनकी मदद जरूर करता है जो गरीबो की मदद करते है ।कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार यादव ने किया मुख्य अतिथि लाल बहादुर यादव रहे विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश यादव अध्यक्षता सीताराम यादव ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने किया मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर व अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी मय टीम व कर्मचारी गण के मु0अ0सं0 254/2022 धारा 498A/304B भादवि व 3/4 DP Act भादवि मे अभियुक्तगण अनिल यादव पुत्र धुर्बल यादव तथा धुर्बल यादव पुत्र स्व. बन्धन यादव निवासीगण जलालपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को गिरफ्तारी की गयी है। बाद गिरफ्तारी अन्य विधिक कार्यवाही थाना शादियाबाद द्वारा प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थाना प्रभारी घनानन्द त्रिपाठी, कांस्टेबल श्यामलाल यादव, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव शामिल रहे।




### क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



प्रखर गाजीपुर। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों को जेल के सलाखों के पीछे भेज चुकी है। बताते चलें कि 29 नवंबर मंगलवार 2005 को भांवरकोल ब्लॉक के सीयाड़ी गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्धाटन करने के बाद जब भाजपा विधायक का काफिला बसनीया चट्टी की तरफ बढ़ रहा था तो उसी समय अपराधियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जिससे उनके सरकारी अंगरक्षक भी मारे गए। इस अवसर पर सभी नेतागण उपस्थित थे। मऊ जिला परिषद अध्यक्ष मनोज राय, अशोक सिंह, सुशील सिंह, जम्मू कश्मीर के एल जी मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिंहा भी उपस्थित थे। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अनिरुद्ध राय ने किया तथा संचालन गिरि जी ने किया अंत में सभा अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी नागरिकों एवं दिग्गज नेताओं को धन्यवाद करने के बाद सभा का समापन किया।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले प्रियंका और अनुज ने किया पौधरोपण

**बुद्ध स्थली पर सगाई के मौके पर पेश की पर्यावरण प्रेम की अनूठी मिशाल**



प्रखर कसया, कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित होटल देव इन में सोमवार की सायं लखनऊ की प्रियंका व महराजगंज के अनुज विश्वकर्मा ने अपनी सगाई के मौके पर पर्यावरण प्रेम की अनूठी मिशाल कायम की। आम के फलदार पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजित समारोह के मौके पर पैरा मेडिकल की पढ़ाई कर रही प्रियंका व अनुज ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ आम के पौधे का रोपण करने के बाद कहा कि हम लोगों की इच्छा थी कि हम लोगों की सगाई के अवसर पर पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति प्रेरित करना। क्योंकि धरती को प्रदूषण से बचाने और स्वस्थ्य जीवन के लिए पेड़ पौधे बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए शांति, प्रेम और करुणा के रूप तथागत बुद्ध की स्थली को चुना। यहां से एक बड़ा संदेश दुनिया में जायेगा। इस अवसर पर स्टेट बैंक प्रबंधक अरविन्द कुमार शर्मा, श्रीमती सुनीता शर्मा, सुभाष शर्मा, प्रदीप शर्मा, पत्रकार पवन कुमार शर्मा, श्रीमती संगीता विश्वकर्मा, श्रीमती सुमित्रा देवी, राजेश कुमार शुक्ला, अपर्णा शुक्ला, राम सुधारे, गिरिजेश कुमार, सौरव मणि त्रिपाठी सहित आदि उपस्थित रहे।

### युवकों के आपसी मारपीट में दो घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गाजीपुर के समीप बिंदु होटल के पास युवकों के हुए विवाद और मारपीट में दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गये, जबकि एक युवक का पता नहीं चल सका। दोनों घायल लोगों को गाजीपुर जिला चिकित्सालय से वाराणसी के लिए रेफर किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला अस्पताल जाकर घायल युवकों से घटना के संबंध में जानकारी ली तथा अभियुक्तों के शीघ्र गिरफ्तारी के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि शाम करीब 7:15 बजे सूचना मिली कि सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर स्थित बिंदू होटल (रेलवे स्टेशन ) के पास युवकों में विवाद हुआ था और उसमें से ज्ञानदीप नामक युवक ने फोन कर दो युवकों को वहां बुलाया था। उस विवाद में दो युवक अजय और शिवम घायल हो गए थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं